# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 11 जून 2025

संवत 2082, ज्येष्ठ शुक्ल-15 मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 277 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028



4 ▶▶ जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय

अभिषेक बच्चन टॉप पर... ◀◀ 6




# तस्लीम महल गली में लगी आग, सामान जलकर राख



संवाददाता

**रांची:** मेन रोड तस्लीम महल गली डॉक्टर असलम परवेज के बगल वाली घर में सुबह 5 बजे अचानक आग लग गई। इससे घर का सामान जलकर राख हो गया। आग की सुचना डॉक्टर असलम परवेज ने एडीएम आलोक जी और फायर डिपार्टमेंट को सूचना दी। जिसे एडीएम ने तुरंत सभी विभाग को अलर्ट कर दिया। दस मिनट के अंदर ही फायर बिग्रेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। घर में आग लगने से आस पास में अफरा तफरी मच गई। क्योंकि आग भयानक रूप ले चुकी थी। अगर समय रहते काबू न पाया जाता तो दूसरे घरों को भी आग अपनी चपेट में ले लेती। समाजसेवी डॉक्टर असलम परवेज ने बताया कि सुबह 5 बजे अचानक उसके घर के बगल वाली घर में आग लग गई। पहले तो उन्होंने खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हो पाए। इतना सुबह किसको फोन करे यह सोचते हुए उन्होंने एडीएम और फायर डिपार्टमेंट को फोन लगाया। इत्तेफाक से एडीएम ने भी पहली रिंग में फोन उठाया। एडीएम ने भरोसा दिया कि जल्द ही सब पहुंच जाएगा। और दस मिनट में फायर बिग्रेड, पुलिस, बिजली विभाग के लोग पहुंच गए और आग पर काबू पा लिया गया।ज्ञात हो कि रात में स्कूटी को बैटरी चार्जिंग में लगाया था। उसी चार्जिंग से आग लगी है। जिसका घर में आग लगा जॉनी का कहना है कि आग लगने से उसका बहुत नुकसान हुआ है। आग की सूचना मिलते ही समाजसेवी जय सिंह यादव और दीपक ओझा भी मदद को पहुंचे। डॉक्टर असलम परवेज ने एडीएम, फेयर ब्रिगेड और आग पर काबू पाने में मदद करने वालों का शुक्रिया अदा किया।

# राजा रघुवंशी मर्डरः मेघालय पुलिस की जांच में हत्या के दिन की पूरी कहानी आई सामने

संवाददाता

**शिलांग :** इन दिनों देश में राजा रघुवंशी हत्याकांड चर्चा का विषय बनी हुई है। राजा की हत्या उसकी पत्नी सोनम ने रची थी। इस हत्याकांड में जैसे-जैसे जांच आगे बढ़ रही है, कई सनसनीखेज खुलासे होते जा रहे हैं। हत्याकांड की मुख्य आरोपी सोनम रघुवंशी कड़ी सुरक्षा में यूपी के गाजीपुर से शिलांग लौट चुकी है। बुधवार को उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। इस बीच हत्याकांड की जांच कर रही मेघालय पुलिस ने वारदात के दिन की पूरी टाइमलाइन साझा की है। पुलिस के अनुसार, सुबह 5:30 बजे शिप्रा होटल से राजा, सोनम और तीनों किलर (अज्ञात व्यक्ति) ने चेक आउट किया। सुबह 6:00 बजे सोनम और राजा ने चढ़ाई शुरू की। सोनम रास्ते में रुकी और किलर्स से बातचीत की, जिसमें राजा को भी शामिल किया। सुबह 7:00 बजे सोनम और राजा एक दुकान पर चाय पीने रुके, किलर भी आसपास थे।



सुबह 10 बजे सोनम और राजा ने 2000 सीढ़ियां चढ़ीं। एक टूरिस्ट गाइड ने उन्हें तीन लड़कों ( किलर) के साथ देखा, जिसका बयान पुलिस ने दर्ज किया।

दोपहर 12 बजे राजा की किलर्स से दोस्ती हुई। सोनम पीछे चलने लगी, जबकि राजा और किलर आगे थे। दोपहर 12:30 बजे सोनम ने अपनी सास को फोन किया, चढ़ाई और थकान का जिक्र किया। दोपहर 1 से डेढ के बीच सोनम ने इशारा किया, और विशाल ( किलर) ने पहला वार किया। दोपहर 02:15 बजे सोनम ने राजा के फोन से एक पोस्ट किया, जिसमें दुख का जिक्र था, और फोन को खाई में फेंक दिया। दोपहर 2:30 बजे राजा की हत्या के बाद उसे खाई में फेंक दिया गया। इस पूरे हत्याकांड के घटनाक्रम पर नजर डाले तो पता चलता है कि 23 मई को राजा रघुवंशी की हत्या हुई। 24 मई को राजा की पत्नी सोनम फरार हुई। 25 मई को इंदौर में राज कुशवाहा से मुलाकात की, फिर 9 जून उत्तर प्रदेश के गाजीपुर में सोनम ने सरेंडर कर दिया। सरेंडर करने से पहले उसने अपने भाई से बात की। इस दौरान वह फूट-फूटकर रोने लगी। पुलिस को सूचना मिलने पर उसे गाजीपुर के एक ढाबे से हिरासत में लिया गया। 10 जून कोर्ट में पेशी हुई। जहां तीन दिन का ट्रांजिट रिमांड मंजूर किया गया। 11 जून को पटना होते हुए सोनम को शिलांग लाया गया।

इस बीच सोनम का परिवार मेघालय पुलिस पर कहानी रचने का आरोप लगा रहा है। परिवार का मानना है कि सोनम ऐसा नहीं कर सकती है।

# इंफ्रास्ट्रक्चर में क्रांति के 11 साल', पीएम मोदी ने गिनाई एनडीए सरकार की उपलब्धियां



**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कहा कि पिछले 11 वर्षों में देश के बुनियादी ढांचे (इंफ्रास्ट्रक्चर) में बड़े बदलाव हुए हैं। उन्होंने इसे भारत की प्रगति और आत्मनिर्भरता की मजबूत नींव बताया।

एक्स पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, इंफ्रास्ट्रक्चर में बदलाव की इस यात्रा को 11 साल हो गए हैं। रेलवे, हाईवे, बंदरगाह और हवाई अड्डों जैसे क्षेत्रों में बेहतरीन ढांचा तैयार किया गया है, जिसने देश के विकास को तेजी दी है। भारत का यह बढ़ता इंफ्रा नेटवर्क लोगों का जीवन आसान बना रहा है और समृद्धि को बढ़ावा दे रहा है।

पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के निर्माण में जुटा है, जो स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने इस बदलाव की मुख्य बातें भी साझा कीं। इसमें आधुनिक हाईवे और रोपवे का निर्माण, समुद्री क्षमताओं का बेहतर उपयोग, 'उड़ान' योजना के तहत सस्ती हवाई सेवाएं और भारतीय रेलवे में बड़े बदलाव शामिल हैं।

उन्होंने बताया कि अमृत भारत स्टेशन योजना, वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत और हाल ही में शुरू की गई अमृत भारत एक्सप्रेस जैसी योजनाएं भारतीय रेलवे में एक बड़ी क्रांति की ओर इशारा करती हैं। इसके अलावा, केंद्र सरकार की ओर से एक्स पर एक आधिकारिक पोस्ट में इंफ्रास्ट्रक्चर के जरिए हो रही प्रगति को दोहराया गया।

इस पोस्ट में कहा गया, स्मार्ट शहर, सुरक्षित सड़कें और आसान यात्रा - यही है नए भारत का इंफ्रास्ट्रक्चर वादा।

पोस्ट में आगे कहा गया, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का बुनियादी ढांचा तेजी से भविष्य की ओर बढ़ रहा है। यह सिर्फ निर्माण की नहीं, बल्कि इस्पात और आत्मा के मेल की यात्रा है। हर मील का पत्थर एक अरब से ज्यादा लोगों की उम्मीदों को साथ लेकर चलता है। राजमार्ग दूरी कम करते हैं, पुल समुदायों को जोड़ते हैं और डिजिटल नेटवर्क नवाचार को बढ़ावा देते हैं। भारत केवल इमारतें नहीं बना रहा, बल्कि आत्मविश्वास, कनेक्टिविटी और हर भारतीय के सपनों के लिए एक सुंदर आधार तैयार कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार ने इस साल केंद्र में अपने 11 साल पूरे किए हैं।

पीएम ने पहली बार 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। तब से उन्होंने देश को एक परिवर्तनकारी विकास यात्रा पर आगे बढ़ाया है। इस अवसर पर सरकार विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपलब्धियां सामने ला रही है। इसमें बुनियादी ढांचे को 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक अहम प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी 2001 से 2014 तक गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। आज वह भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले नेताओं में से एक हैं।

**पीएम मोदी ने आगे कहा, भारत अगली पीढ़ी के बुनियादी ढांचे के निर्माण में जुटा है, जो स्थिरता और दीर्घकालिक सोच से प्रेरित है। यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव तैयार कर रहा है।**

## राहुल गांधी ने पीएम मोदी को लिखा पत्र

# वंचित वर्ग के छात्रों की समस्याओं के समाधान की मांग की

**नई दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर वंचित समुदायों के छात्रों को शिक्षा हासिल करने में आ रही समस्याओं का निवारण करने का अनुरोध किया है। कांग्रेस नेता ने अपने पत्र में बिहार के दरभंगा स्थित अंबेडकर छात्रावास में छात्रों की परेशानियों का भी जिक्र किया है। पीएम मोदी को लिखे पत्र में राहुल गांधी ने दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध किया। दरअसल, राहुल गांधी हाल ही में बिहार दौरे के दौरान दरभंगा पहुंचे थे। यहां वह अंबेडकर छात्रावास पर पहुंचे थे, जहां छात्रों ने अपनी परेशानियों से राहुल गांधी को अवगत कराया था।

राहुल ने पीएम मोदी से कहा कि मैं आपसे दो महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने का अनुरोध करता हूं जो वंचित समुदायों के 90 प्रतिशत छात्रों के लिए शिक्षा के अवसरों में बाधा डालते हैं। सबसे





पहले, दलित, एसटी, ईबीसी, ओबीसी और अल्पसंख्यक समुदायों के छात्रों के लिए आवासीय छात्रावासों की स्थिति बहुत खराब है।

राहुल गांधी ने कहा कि बिहार के दरभंगा में अंबेडकर छात्रावास के हाल के दौरे के दौरान छात्रों ने शिकायत की कि एक ही कमरा है जिसमें 6-7 छात्रों को रहने के लिए मजबूर होना पड़ता है, शौचालय गंदे हैं, पीने का पानी असुरक्षित है, मेस की सुविधा नहीं है और पुस्तकालयों या इंटरनेट तक पहुंच नहीं है।

उन्होंने दूसरे मुद्दे के बारे में जानकारी देते हुए आगे बताया, दूसरे, हाशिए पर पड़े समुदायों के छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति में देरी और इसमें विफलताएं भी मिल रही हैं।

राहुल गांधी ने उदाहरण देते हुए कहा, बिहार में, छात्रवृत्ति पोर्टल तीन साल तक काम नहीं कर रहा था और 2021-22 में किसी भी छात्र को छात्रवृत्ति नहीं मिली। इसके बाद भी, छात्रवृत्ति पाने वाले दलित छात्रों की संख्या में लगभग आधी गिरावट आई, जो वित्त वर्ष 23 में 1.36 लाख से घटकर वित्त वर्ष 24 में 0.69 लाख रह गई। छात्रों की शिकायत है कि छात्रवृत्ति की राशि अपमानजनक रूप से कम है। मैंने बिहार के उदाहरण दिए हैं, लेकिन ऐसी विफलताएं पूरे देश में फैली हुई हैं। राहुल गांधी ने पत्र में आगे कहा, मैं सरकार से आग्रह करता हूं कि इन विफलताओं को दूर करने के लिए तुरंत दो कदम उठाए जाएं। दलित, अनुसूचित जनजाति, अति पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों के विद्यार्थियों के लिए प्रत्येक छात्रावास का ऑडिट किया जाए ताकि अच्छी अवसंरचना, स्वच्छता, भोजन और शैक्षणिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें; तथा कमियों को दूर करने के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की जाए।

मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति का समय पर वितरण, छात्रवृत्ति राशि में वृद्धि, तथा राज्य सरकारों के साथ मिलकर कार्य करते हुए क्रियान्वयन में सुधार किया जाए।

राहुल गांधी ने कहा कि जब तक हाशिए पर पड़े समुदायों के युवा आगे नहीं बढ़ेंगे, तब तक भारत आगे नहीं बढ़ सकता। उन्होंने इन विषयों पर पीएम मोदी से सकारात्मक प्रतिक्रिया की उम्मीद की है।

# गर्मी और हीट वेव का कहर, ऑरेंज अलर्ट जारी

## अस्पतालों में बढ़े डिहाइड्रेशन के मामले



**नई दिल्ली :** उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी ने आम जनजीवन को बेहाल कर दिया है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) की वेबसाइट पर जारी स्थानीय मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, 11 जून और 12 जून को दिल्ली-एनसीआर में तापमान 44 से 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है। इसी के साथ मौसम विभाग ने इन दोनों दिनों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस दौरान दिन में तेज सतही हवाएं, धूल भरी आंधी और हीट वेव जैसी स्थितियों का सामना करना पड़ेगा। 13 जून को तापमान थोड़ा गिरकर 43 डिग्री तक रहने का अनुमान है, लेकिन मौसम विभाग ने फिर भी येलो अलर्ट जारी किया है।

इस दिन गर्मी के साथ नमी, तेज हवाएं, और गर्जन के साथ बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे उमस, बेचैनी और अधिक बढ़ सकती है। 14 जून से राहत की उम्मीद है। हालांकि, बिजली-गिरने और आंधी का खतरा भी बताया गया है। मौसम विभाग के अनुसार 14 जून से मौसम में बदलाव देखने के लिए मिल सकता है। इस दिन गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना है और तापमान 40 डिग्री तक गिर सकता है। हालांकि, इस दिन के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है क्योंकि 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने, बिजली गिरने और गर्जन की आशंका बनी हुई है। 15 और 16 जून को भी गरज के साथ बारिश या रुक-रुक कर बारिश के आसार हैं। इन दिनों के लिए कोई चेतावनी नहीं दी गई है।

मौजूदा गर्मी की स्थिति के बीच दिल्ली और एनसीआर के अस्पतालों में डिहाइड्रेशन, हीट स्ट्रोक और चक्कर आने की शिकायतों वाले मरीजों की संख्या में 90 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी देखी गई है। खासकर बच्चे और युवा बड़ी संख्या में अस्पतालों का रुख कर रहे हैं। डॉक्टरों ने लोगों को दिन में बाहर निकलने से बचने, पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स का सेवन बढ़ाने और धूप में सीधे संपर्क से बचने की सलाह दी है। भीषण गर्मी के इस दौर में प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे अनावश्यक रूप से घर से बाहर न निकलें, हल्के सूती कपड़े पहनें और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट को ध्यान में रखते हुए आम जन को सतर्क रहना बेहद जरूरी है।

## शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का ऐलान

# स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल होगा छऊ-पाता नृत्य



**सरायकेलाः** झारखंड के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने पौराणिक चड़क पूजा सह मेला में शिरकत की। उनका दिंदली पौराणिक शिव मंदिर पूजा कमेटी की ओर से स्वागत किया गया। इस मौके पर आयोजित छऊ नृत्य कार्यक्रम का भी मंत्री रामदास सोरेन ने उद्घाटन किया।

मेले में आए लोगों को संबोधित करते हुए शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि दिंदली बस्ती में सन 1818 से लगातार आयोजित हो रहा पौराणिक चड़क पूजा एवं मेले में लोगों की गहरी आस्था है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह पूजा 200 साल से भी अधिक पुरानी है, जिसमें हमारे आदिम कला, सभ्यता और संस्कृति की झलक देखने को मिलती है। उन्होंने आगे कहा कि 200 वर्षों तक अंग्रेजों ने भी भारत पर शासन किया था, उस वक्त भी आदिवासी समुदाय ने अपनी कला, सभ्यता और संस्कृति को बचाए रखने के लिए अंग्रेजों से लोहा लिया था। आज आदिवासी सभ्यता विश्व विख्यात है। इसे संजोकर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

छऊ नृत्य कार्यक्रम उद्घाटन समारोह के मौके पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि, झारखंड की कला संस्कृति छऊ नृत्य आज पूरे विश्व में विख्यात है। इन्होंने कहा कि प्रकृति, प्रेम, युद्ध और सामाजिक जीवन पर आधारित छऊ एवं पाता नृत्य के इतिहास को जन-जन तक पहुंचाने के लिए इसे स्कूली पाठ्यक्रम में भी शामिल कराया जाएगा, जिसका ब्लूप्रिंट जल्द तैयार होगा।

इसके अलावा शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बताया कि जनजातीय शिक्षकों की भी बहाली सरकार जल्द करेगी, जिससे स्कूलों में जनजातीय भाषा की भी पढ़ाई हो सकेगी। शिक्षा मंत्री के साथ छऊ नृत्य मेला उद्घाटन कार्यक्रम में अध्यक्ष लालटू महतो, छवि महतो, रितेन महतो समेत अन्य पूजा कमेटी के सदस्य मौजूद थे।

# रांची यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा के कार्यकाल की होगी जांच, राज्यपाल ने दिए आदेश

**रांचीः** आरयू के कुलपति डॉ अजीत सिन्हा के कार्यकाल के दौरान हुई प्रशासनिक और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के आदेश दिए गए हैं। राज्यपाल और कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने यह निर्देश विभिन्न शिकायतों के आधार पर दिए हैं। मामले की पुष्टि राजभवन के अधिकारियों ने की है और कहा है कि तमाम विभागों को इससे संबंधित पत्र भेजा गया है। राज्यपाल के निर्देश पर उनके अपर मुख्य सचिव डॉ। नितिन मदन कुलकर्णी ने एक पत्र जारी कर जांच प्रक्रिया शुरू करने को कहा है। प्रशासनिक मामलों की जांच का जिम्मा उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव राहुल पुरवार को सौंपा गया है। वहीं वित्तीय मामलों की जांच के लिए वित्त विभाग के प्रधान सचिव को पिछले तीन वर्षों का विशेष ऑडिट कराने का निर्देश दिया गया है।

**उच्चस्तरीय कमेटी का गठन :** राज्यपाल ने एक उच्चस्तरीय कमेटी बनाने का निर्देश भी दिया है, जिसमें उनके विशेष कार्य पदाधिकारी (ओएसडी) ज्यूडिशियल गतिकृष्ण तिवारी को भी सदस्य बनाया गया है। यह कमेटी 15 दिनों के भीतर अपनी रिपोर्ट देगी।

**कुलपति पर आरोप :** कुलपति पर आरोप है कि उन्होंने बिना टेंडर के कार्य कराए, सीनेट भवन और कुलपति चेंबर का निर्माण करवाया। शिक्षकों का स्थानांतरण दुर्भावना से प्रेरित होकर किया और नैक दौरे के नाम पर फिजूल खर्च किया।

**डीएसपीएमयू के कुलपति भी जांच के घेरे में :** इधर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में अनुबंध पर शिक्षक नियुक्ति में अनियमितता की जांच के आदेश भी राज्यपाल ने दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने की नई टीम की घोषणा



**खूंटी :** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पांडेय ने प्रदेश कार्यकारिणी और जिला अध्यक्षों की नई टीम की घोषणा की। इसमें खूँटी जिले के पूर्व पार्षद अनूप कुमार साहू को खूँटी जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया तथा समाजसेवी व पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार को प्रदेश महासचिव। नए दायित्व मिलने पर मनोज कुमार और अनूप साहू ने फ्त्र्र्र के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल चौधरी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री कृष्ण मुरारी तथा प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पांडेय का आभार जताया। जिलाध्यक्ष अनूप साहू ने यह जानकारी मीडिया को दी। राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट झारखंड की नई टीम में खूँटी के दो नेताओं को प्रमुख जिम्मेदारी। नियुक्तियों पर नेताओं ने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। यह फैसला संगठन को झारखंड में मजबूती देने की दिशा में एक कदम माना जा रहा है।

### श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर बैठक संपन्न



**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में मंगलवार को जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा ने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर बैठक की। बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को श्रावणी मेले से पहले कार्य को दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा कि व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए। जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। कहा कि श्रावणी मेले में बासुकीनाथ धाम आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुविधाओं का पूरा ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को शिव गंगा की साफ-सफाई जल्द पूरा करने, कांवरिया पथ में सभी चापानला की मरम्मती, बायो टॉयलेट की व्यवस्था करने इत्यादि कई निर्देश दिए। बैठक में आईटीडीए निदेशक, अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी सहित सभी विभाग के विभागाध्यक्ष उपस्थित थे।

### कल्याण विभाग की हुई समीक्षा बैठक



**दुमका :** समाहरणालय सभागार में जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा की अध्यक्षता में मंगलवार को कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपायुक्त द्वारा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। बैठक में प्री मैट्रिक छात्रवृति, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति, निःशुल्क साईकिल वितरण योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, अनुसूचित जाति एवं जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989, बिरसा आवास निर्माण योजना, जाहेरथान घेराबन्दी योजना, कब्रिस्तान घेराबन्दी योजना, आदिवासी संस्कृति एवं कला केन्द्र निर्माण योजना, संविधान की धारा 275 (1) के तहत संबंधित योजना, धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (डा-जगुआ), पीएम-जन्मन योजना एवं वनाधिकार अधिनियम, 2006 के तहत वन पट्टा वितरण योजना की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अन्य जरूरतमंद वर्गों के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित रूप से पात्र लाभुकों तक पहुँचाया जाए। उक्त बैठक में परियोजना निदेशक, आई०टी०डी०ए० रवि जैन, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, डी०पी०एम०, जे०एस०एल०पी०एस०, दुमका एवं आई०टी०डी०ए० कार्यालय के सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता मौजूद थे।

### नशा मुक्ति को लेकर छात्र-छात्राओं ने निकाली रैली



**गिद्धौर (चतरा):** प्रखंड मुख्यालय में संचालित प्लस टू गंगा स्मारक उच्च विद्यालय गिद्धौर के छात्र-छात्राओं ने नशा मुक्ति को लेकर मंगलवार की सुबह रैली निकाली जो विद्यालय से चलकर पूरे गिद्धौर गांव का भ्रमण किया। एवं छात्र-छात्राओं ने नशा छोड़ो जीवन बचाओ घर में सुख शांति बनाए रखो का नारा लगा रहे थे।साथ ही नशीली पदार्थों से लोगों को दूर रहने का अपील किया। इस रैली में विद्यालय के प्रधानाध्यापक बृजेश कुमार सिंह,शिक्षक सरोज कुमार, डॉ०राजीव कुमार दास,राजीव नयन प्रकाश,संतोष सेठ,गोविंद रविदास,उमेश राज,किरण कुमारी,मीनाक्षी कुमारी,राखी सिंह,जितेंद्र दास,डॉ०कृष्ण कुमार टीन्कु,लिना कुमारी, बीरबल प्रजापति,विपिन कुमार, बसंत मिश्रा,नरेंद्र सिंह,ब्यूटी कुमारी,उमेश पांडेय,पंकज कुमार,सत्येंद्र कुमार,मिनहाज अंसारी सहित विद्यालय के छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### हंटरगंज थाना पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**चतरा :** हंटरगंज पुलिस के द्वारा मंगलवार दोपहर को थाना गेट के समीप एंटी क्राइम व सड़क सुरक्षा को लेकर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस क्रम में एएसआई वीरेंद्र तिवारी के नेतृत्व में चतरा - डोभी मुख्य पथ थाना गेट के समीप से आने- जाने वाले वाहनों को सुरक्षा की दृष्टि से रोककर आवश्यक कागजात और हेलमेट की जांच की गई। इस दौरान लगभग एक दर्जन दो पहिया वाहन को पकड़ा गया। सभी दो पहिया वाहन को जब्त करते हुए थाना परिसर में लगा दिया गया है। वाहन चालक में बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस एवं कुछ भी ट्रिपल लोड चलते हुए पकड़ा गया है।साथ ही नंबर दर्ज कर कार्रवाई करने के हेतु जिला परिवहन विभाग भेज दिया गया है।

# स्वास्थ्य मंत्री ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण, अव्यवस्था देख भड़के

संवाददाता

**चतरा:** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी मंगलवार को सदर अस्पताल चतरा का औचक निरीक्षण किया। स्वास्थ्य मंत्री पार्टी के एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए चतरा आए थे। कार्यक्रम से निकलने के बाद स्वास्थ्य मंत्री सीधे सदर अस्पताल पहुंचे। जहां उन्होंने ओपीडी, आउटडोर, पुरुष वार्ड, महिला वार्ड व स्टोर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों से भी बात की। सदर अस्पताल में मात्र 7 मरीजों के भर्ती रहने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि जिले का सदर अस्पताल है और मात्र 7 मरीज भर्ती हैं। उपस्थित लोगों ने स्वास्थ्य मंत्री को बताया कि यहां आने वाले मरीजों को तुरंत रेफर कर दिया जाता है तथा मरीजों को दबा बैगरह भी नहीं मिलता है। लोगों की शिकायत पर स्वास्थ्य मंत्री आग बबूला होते हुए मौके पर उपस्थित सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ मनीष कुमार को जमकर फटकार लगाई। उन्होंने कहा कि सरकार इतना रुपया सदर अस्पताल को देती है। इसके बाद भी यदि मरीज को यहां से रेफर कर दिया जाता है तो यह गंभीर मामला है। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा मिलने वाले सभी स्वास्थ्य का लाभ चतरा के मरीजों को भी मिलना चाहिए। यदि उन्हें यहां के लोगों से कोई भी शिकायत मिलता है तो वह संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करेंगे। निरीक्षण के दौरान अस्पताल में गंदगी देखकर मंत्री ने नाराजगी व्यक्त किया। वार्डों में निरीक्षण के दौरान वार्डो से आ रहे बदबू पर उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को फटकार लगाई और मॉस्क लाने के लिए कहा। इसके बाद मंत्री ने बदबू से बचने के लिए मास्क लगाया और फिर सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बात करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अस्पताल बढ़िया है, लेकिन व्यवस्था थोड़ी खराब है। उन्होंने निरीक्षण कर स्थिति का आकलन किया है। जल्द ही यहां की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।



## टीएसपीसी कमांडर आक्रमण गंझू का सहयोगी अर्जुन गंझू गिरफ्तार

### देसी कट्टा व भारी मात्रा में कारतूस बरामद



संवाददाता

**चतरा :** चतरा पुलिस ने प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के कमांडर आक्रमण गंझू के सहयोगी अर्जुन गंझू को देसी कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी दी। एसपी ने बताया कि 9 जून को गुप्त सूचना मिली थी कि अर्जुन गंझू लावालौंग थाना क्षेत्र स्थित अपने गांव टिकदा में भारी मात्रा में अवैध गोला-बारूद व हथियार रखे हुए है। सूचना के आधार पर सूचना के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई के लिए छापेमारी टीम गठित की गई। गठित टीम ने अर्जुन गंझू के घर में छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी के दौरान आरोपी अर्जुन गंझू के घर की तलाशी के दौरान एक लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया। इसके बाद उसके निशानदेही पर टिकदा के जंगल में जमीन के नीचे छिपाकर रखे गए इंसास राइफल के 477 राउंड जिंदा गोली तथा 303 राइफल के 246 राउंड गोली बरामद किया गया। सभी हथियार व गोली को जब्त कर अर्जुन गंझू के विरुद्ध लावालौंग थाना में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार अर्जुन गंझू पूर्व में गिरफ्तार टीएसपीसी कमांडर आक्रमण गंझू का सक्रिय सहयोगी था। आक्रमण गंझू ने ही उसे कारतूस व हथियार रखने दिया था। छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक सह लावालौंग थाना प्रभारी रूपेश कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक सूर्य प्रताप सिंह, पुलिस अवर निरीक्षक विधायक प्रसाद यादव शामिल थे।

## सिल्ली में लगाया दुसरी सर्विसिंग कैम्प



**मुरी :** सिल्ली में तीन पाहिया वाहन का दुसरी सर्विसिंग कैम्प में दर्जनों गाड़ियां का चेकअप निःशुल्क किया गया और गाडी के रख रखाव, माइलेज, स्पीड,मोबिल पलटी का विस्तृत जानकारी दी गई। इसका आयोजन सिल्ली शाखा में स्थित प्रेम संस बजाज ने की।

## कक्षा 11के नवनामांकित विद्यार्थियों के लिए हुआ परिचय सह स्वागत समारोह का आयोजन



संवाददाता

**दुमका :** मंगलवार को डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका में कक्षा 11 के छात्र/छात्राओं के लिए परिचय सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।इस अवसर पर उपस्थित नवनामांकित छात्र छात्राओं ने अपने शिक्षकों का परिचय प्राप्त किया। समारोह में उपस्थित नवनामांकित छात्रों को विद्यालय परिवार में स्वागत एवं संबोधित करते हुए विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य महेन्द्र राजहंस ने कहा कि डिस्ट्रिक्ट सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस,दुमका एक प्रतिष्ठित एवं ऐतिहासिक शैक्षणिक संस्थान है। इस शैक्षणिक संस्थान का एक सदस्य होना गौरव की बात है। श्री राजहंस ने कहा कि इस विद्यालय की एक गरिमा है, जिसको बरकरार रखना एवं यहाँ के नियमों का पूर्णतः पालन करना सभी नवनामांकित छात्र छात्राओं का नैतिक जिम्मेदारी होगी।कहा कि सभी शिक्षार्थियों को प्रतिदिन अपनी कक्षा में उपस्थित होना अनिवार्य होगा। श्री राजहंस ने कहा कि यहाँ के सभी शिक्षक विषयविशेषज्ञ एवं अपने कर्तव्य के प्रति समर्पित हैं। कहा कि समर्पित शिक्षक का सारा जीवन अपने छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर्पित होता है।प्रभारी प्राचार्य ने कहा कि विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण काफी उत्कृष्ट है, जिसको बरकरार रखना नवनामांकित छात्रों की भी नैतिक जिम्मेदारी होनी चाहिए।श्री राजहंस ने कहा कि विद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों के आपसी समन्वय एवं प्रयास से विद्यालय उत्तरोत्तर विकास करेगा। मौके पर उपस्थित विद्यालय के प्रबंधक प्रमोद कुमार ने कहा कि कोई भी शिक्षार्थी उत्कृष्ट शिक्षा तभी ग्रहण कर सकेंगे जब वे अनुशासित एवं एकाग्रचित होकर शिक्षा ग्रहण करेंगे। श्री प्रमोद ने कहा कि जीवन मे सफल होने के लिए एक लक्ष्य होना चाहिए।एकाग्रचित होकर परिश्रम करने से उस लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।श्री प्रमोद ने कहा कि सभी छात्र छात्राओं के लिए कम से कम 75% उपस्थिति अनिवार्य है।छात्रों को सम्बोधित करते हुए पूर्व प्रभारी प्राचार्य डॉ0 दिलीप कुमार झा ने कहा कि जीवन मे वही व्यक्ति सफल होता है जो अपने गुरुओं यानी शिक्षकों के मार्गदर्शन में चलता है। कहा कि शिक्षक एक मोमबत्ती की तरह है जो स्वयं जलकर भी अपने छात्रों के जीवन को प्रकाशित करता है।समारोह में उपस्थित पूर्व प्रभारी प्राचार्य बब्बन कुमार, इंटर संकाय प्रभारी मुदस्सर सुल्तान,शिक्षक अमित कुमार पाण्डेय, संजीव कुमार सिंह,स्नेहलता मराण्डी,राजीव कुमार गुप्ता एवं रूपेश कुमार झा के अलावे इंटर संकाय के सभी शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक ने भी नवनामांकित छात्र छात्राओं को विद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पुण्यतिथि पर याद किए गए झारखंड आंदोलनकारी राजेन्द्र प्रसाद यादव

**जामा :** जामा चौक में झारखंड आंदोलनकारी, समाजिक नेता सह ग्राम प्रधान रहे दिवगंत राजेन्द्र प्रसाद यादव का तीसरी पुण्यतिथि मनाई गयी और इस अवसर पर जामा चौक पर एक श्रदांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने राज्य सरकार से दिवंगत आंदोलनकारी नेता राजेन्द्र प्रसाद यादव को शहीद का दर्जा देने एवं जामा चौक पर प्रतिमा स्थापित करने की मांग की गई। गौतम रजक ने कहा कि राजेन्द्र प्रसाद यादव सभी वर्गो के हितेषी थे. सभी वर्गों के मुसीबत की घड़ी में हमेशा साथ रहते थे । इससे युवा पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। वह हर वक्त समाज के लिए एक पैर पर खड़े रहते थे। इसके पश्चात सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। इस मौके पर निमाई चंद्र सेन, गौतम रजक, कृष्णा यादव, रमेश यादव, कार्तिक शील, अमित कुमार आदि अनेको लोग मौजूद थे।



### एसकेएमयू की कुलपति ने किया मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात



**दुमका :** सिदो-कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका की कुलपति प्रो. कुनुल कंदीर ने मंगलवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके रांची स्थित आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान कुलपति ने मुख्यमंत्री को विश्वविद्यालय में संचालित शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी। कुलपति ने बतायी की बैठक में विश्वविद्यालय के छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने, वर्षों से बंद पड़े विधि महाविद्यालय को पुनः प्रारंभ करने, संथाल परगना क्षेत्र में उपलब्ध खनिज एवं वनस्पति संसाधनों पर अनुसंधान को बढ़ावा देने, साथ ही बॉटनिकल गार्डन की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर रचनात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री सोरेन ने विश्वविद्यालय की पहल की सराहना करते हुए कुलपति को छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक माहौल, विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, नये व्यावसायिक पाठ्यक्रम शुरू करने और शोध की दिशा में प्रभावी कार्य करने की सलाह दी।

## गांव तक नहीं पहुंचा एंबुलेंस, सांप डंसने से घायल व्यक्ति ने तोड़ा दम

**चतरा :** जिले के कुंदा थाना क्षेत्र के बेसरा गांव के टोला धरतीमांडर निवासी सुकुल भुइयां (30) की मौत मंगलवार को सर्पदंश से हो गयी। वह अहले सुबह शौच के घर से कुछ दूरी पर झाड़ी के पास गया था। इसी क्रम में सांप ने डंस लिया। घायलावस्था में किसी तरह घर पहुंचा और घरवालों को सर्पदंश की बात बतायी। इसके बाद अचेत हो कर जमीन पर गिर गया। स्थिति गंभीर होती देख लोगों ने 108 एंबुलेंस को कॉल किया। हालांकि आधे घंटे बाद ही एंबुलेंस पहुंच गया,परंतु गांव तक



जाने के लिए सड़क नहीं रहने के कारण घटनास्थल से करीब आधे किमी दूर तक बेसरा गांव के मुख्य सड़क तक ही एंबुलेंस पहुंच पाया।बाद में घायल सुकुल भुइयां को चचेरे भाई मिथिलेश भारती व विकास भारती ने एक कंबल में बांध उसे लकड़ी की बल्ली के सहारे कंधा में टांग आधा किमी पैदल चलने के बाद एंबुलेंस तक पहुंचाया, लेकिन एम्बुलेंस में रखने से पूर्व ही सर्प दंश के घायल की मौत हो चुकी थी।

**सड़क रहती तो बच सकती थी जान :** धरतीमांडर के ग्रामीणों ने बताया कि सड़क होने से सुकुल की जान बच सकती थी। सड़क नहीं रहने से समय पर गांव तक एंबुलेंस नहीं पहुंचा और उसकी जान चली गयी।राजेश भारती ने बताया कि मुख्य सड़क से गांव तक पहुंचने का एक भी सड़क नहीं है, जिससे प्रसव कराने समेत शादी-व्याह में बहुत परेशानी होती है। मिथिलेश भारती ने बताया कि गांव तक सड़क बनाने की मांग कई बार की गयी, लेकिन किसी ने गंभीरता नहीं बरती।एंबुलेंस में रखने से पहले ही घायल ने दम तोड़ दिया।घटना के बाद घर में कोहराम मच गया।मृतक के एक पुत्र व एक पुत्री हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रमुख प्रतिनिधि जयराम भारती व मुखिया प्रतिनिधि बिनोद साव गांव पहुंचे और मामले की जानकारी ली।साथ ही पुलिस को सूचना देते हुए उसे पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेजा गया।सरकार की ओर से मिलनेवाले पारिवारिक लाभ, पत्नी को पेंशन आदि का लाभ दिलाने की बात कही है।

# झारखंड पुलिस का बड़ा ऐलान, जब्त की जाएगी फरार माओवादियों की संपत्ति

संवाददाता



**रांची :** झारखंड पुलिस ने फरार माओवादियों के लिए बड़ा ऐलान किया है। झारखंड पुलिस के आईजी अभियान डॉ माइकल राज एस ने मंगलवार को नक्सल उन्मूलन अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो, सरायकेला और खूंटी जिला के नक्सली परिदृश्य के संबंध में व्यापक रूप से चर्चा की। राज ने सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिया गया कि फरार माओवादियों की अवैध तरीके से अर्जित संपत्ति को चिह्नित कर उसकी जब्ती की कार्रवाई करें। साथ ही जिले में पूर्व में घटित ऐसे सभी मामलों की समीक्षा करने का निर्देश उन्होंने दिया, जो वामपंथी उग्रवाद से संबंधित हैं। रंगदारी, लेवी आदि मामलों पर निश्चित रूप से एफआईआर कर वांछित कार्रवाई का निर्देश दिया गया है।

आईजी अभियान ने निर्देश दिया कि सरकार द्वारा चलायी जा रही पुनर्वास योजना के अंतर्गत नक्सलियों के आत्मसमर्पण पश्चात उनके संबंध में यह समीक्षा की जाए कि पुनर्वास योजना के अंतर्गत दिये जाने वाले संपूर्ण लाभ आत्मसमर्पित नक्सलियों को मिल रही है या नहीं। अगर आत्मसमर्पित नक्सली किसी लाभ से वंचित हैं तो उक्त संदर्भ में कार्रवाई का निर्देश दिया गया। फरार उग्रवादियों पर इनाम की राशि घोषित करने का प्रस्ताव भेजने का निर्देश भी आईजी अभियान ने दिया। आईजी ने कहा कि सभी एसपी अधीनस्थ थाना के पदाधिकारियों को यह निर्देश देंगे कि जेल से बाहर जमानत पर छूटे उग्रवादी एवं उनके सहयोगियों की नियमित रूप से निगरानी एवं जमानतदारों का सत्यापन करना सुनिश्चित किया जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आईजी पलामू, डीआईजी पलामू, एसपी गुमला, लोहरदगा, लातेहार, पलामू, गढ़वा, चतरा, हजारीबाग, गिरिडीह, बोकारो, सरायकेला एवं खूंटी उपस्थित थे।

**पुलिस पिकेट का नियमित रूप से सेक्यूरिटी ऑडिट हो :** आईजी डॉ माइकल राज एस ने सुदुरवर्ती एवं जंगलों में स्थापित पुलिस पिकेट का नियमित रूप से सेक्यूरिटी ऑडिट करने का निर्देश भी जिलों के एसपी को दिया। नक्सलियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान और सरेंडर पॉलिसी को और प्रभावी बनाने के लिए व्यापक रूप से प्रचार-प्रसार करते हुए ज्यादा से ज्यादा लोगों को मुख्य धारा में जोड़ने के साकारात्मक प्रयास करने का निर्देश भी आईजी ने दिया। बैठक में एसपी अभियान अमित रेणु, एसआईबी एसपी नाथू सिंह मीणा भौतिक रूप से उपस्थत थे।

# रचनाकार स्मिता की पुस्तक ह्य ये आंखें पढ़ न ले कोई का हुआ लोकार्पण

## साहित्य की समृद्धि में महिला साहित्यकारों का योगदान अहम



**रांची :** आधुनिक हिंदी साहित्य में महिला साहित्यकारों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए साहित्यिक पत्रिका अनन्ता की प्रधान संपादक और चर्चित लेखिका स्मिता के नवीनतम काव्य संग्रह ह्ये आँखें पढ़ न ले कोईह्न का लोकार्पण रांची प्रेस क्लब सभागार में किया गया। लोकार्पण समारोह में उपस्थित साहित्य प्रेमियों और विद्वानों ने स्मिता की रचनाओं को समकालीन साहित्य की धरोहर बताया। गौ सेवा आयोग, झारखंड के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि स्मिता की रचनाएँ स्त्री विमर्श को गहराई से छूती हैं और पाठकों को नई दृष्टि देती हैं।

झारखंड ग्रामीण बैंक के चेयरमैन मदन मोहन बरियार तथा बी.एड. कॉलेज के डीन उपेन्द्र उपाध्याय ने लेखिका को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनकी लेखनी आज के साहित्यकारों के लिए प्रेरणा है। पी के लाला, अध्यक्ष मानव अधिकार मिशन ने आज के माहौल में लिखित साहित्य की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राजश्री जयन्ती और डॉ. नीतेश मिश्र ने पुस्तक की विवेचना करते हुए कहा कि यह संग्रह गीत, गजल, मुक्तछंद सहित साहित्य की कई विधाओं को समेटे हुए है, और जीवन की संवेदनाओं, रिश्तों की जटिलताओं तथा प्रकृति के सौंदर्य को सहज भाषा में अभिव्यक्त करता है। कार्यक्रम की शुरूआत गजल गायिका शालिनी अखौरी की सरस्वती वंदना से हुई। संचालन वरिष्ठ संगीतकार पराग भूषण ने किया जबकि भूपेश अखौरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार रजत नाथ, राजेश श्रीवास्तव, राजीव वर्मा थेपड़ा, सुबोध कृष्ण प्रसाद, मधु सिन्हा और श्वेता सिन्हा सहित कई गणमान्य साहित्य प्रेमियों ने पुस्तक पर अपने विचार रखे और स्मिता की रचनाओं का पाठ भी किया। समारोह में लेखिका स्मिता ने अपनी रचनात्मक यात्रा, पुस्तक की अवधारणा और साहित्य के प्रति अपने दृष्टिकोण को साझा किया।




# लालू यादव को सीएम हेमंत सोरेन ने खास अंदाज में दी जन्मदिन की बधाई

**रांची :** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव आज अपना 78वां जन्मदिन मना रहे हैं. इस खास मौके पर देशभर से उन्हें शुभकामनाएं मिल रही है. इसी बीच झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी लालू यादव को उनके जन्मदिन पर बधाई और शुभकामनाएं दी. उन्होंने इस दौरान लालू प्रसाद यादव को गरीबों, शोषितों और वंचितों के लिए हमेशा संघर्ष करने वाला मुख्यमंत्री बताया।

**सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई :** सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर ट्वीट कर कहा गरीबों, शोषितों और वंचितों के लिए हमेशा संघर्ष करने वाले बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री, राजद सुप्रीमो आदरणीय लालू प्रसाद यादव जी को जन्मदिन की ढेरों बधाई, शुभकामनाएं और जोहार. मरांग बुरु आपको सदैव उत्तम स्वास्थ्य और सुदीर्घ जीवन प्रदान करें, यही कामना करता हूं।

**आरजेडी चीफ के जन्मदिन पर जश्न का माहौल :** मुख्यमंत्री के अलावा राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी और विधायक कल्पना सोरेन ने भी लालू प्रसाद यादव को जन्मदिन की बधाई दी है. आरजेडी चीफ के जन्मदिन पर पटना में जश्न का माहौल है. लालू यादव ने आधी रात को केक काटकर जन्मदिन की शुरूआत की थी।

# परिवार नियोजन असुरक्षित गर्भपात से बचाव करने का बेहतरीन उपायः डॉ अर्चना कुमारी




संवाददाता

**रांचीः** ग्लोबल हेल्थ स्ट्रैटेजीज (जीएचएस) के तत्वावधान में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स, मीडिया प्रतिनिधियों, सामुदायिक रेडियो स्टेशनों, सरकारी प्रतिनिधियों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ऑनलाइन क्षेत्रीय चर्चा का आयोजन किया गया। इस चर्चा का विषय ₹परिवार नियोजन और आधुनिक गर्भनिरोधन₹ पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस कार्यशाला में झारखंड और छत्तीसगढ़ से 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इनमें सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर, पत्रकार, सामुदायिक रेडियो स्टेशन, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ तथा सरकारी प्रतिनिधि शामिल थे। इन सभी का साझा उद्देश्य यह था कि सार्वजनिक स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के एक अहम पक्ष के रूप में परिवार नियोजन पर सूचित और समृद्ध चर्चा को बढ़ावा दिया जा सके।

राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) की प्रसूति और स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अर्चना कुमारी ने भारत सरकार द्वारा प्रदान किए गए विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी, जिसमें इंजेक्टेबल्स, इम्प्लांट, गर्भनिरोधक गोलियां, कंडोम, आईयूडी आदि शामिल हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि परिवार नियोजन न केवल अनचाही गर्भावस्था को रोकने का एक तरीका है, बल्कि यह असुरक्षित गर्भपात से भी बचाव करता है, जो मातृ मृत्यु का एक प्रमुख कारण बन सकता है। डॉ. खेमराज सोनवानी, स्टेट नोडल ऑफिसर - कंट्रोल एंड डिमांड सेंटर. छत्तीसगढ़ ने भारत के परिवार नियोजन के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला। साथ ही एफपी2030 प्रतिबद्धता के तहत, समानता, युवाओं की भागीदारी और गुणवत्तापूर्ण देखभाल पर प्राथमिकता दी गई, ताकि हर व्यक्ति और दंपति को उनकी जरूरत के अनुसार गर्भनिरोधक तरीका उपलब्ध हो सके।

एसएसएमसी, रीवा में प्रसूति और स्त्री रोग विभाग की प्रोफेसर डॉ. बीनू कुशवाहा ने सामाजिक-सांस्कृतिक चुनौतियों पर प्रकाश डाला, जो विशेष रूप से महिलाओं और युवाओं के लिए परिवार नियोजन को अपनाने में बाधा बनती हैं। कार्यक्रम का संचालन लेखिका और पत्रकार अनु शक्ति सिंह ने किया।

# भाजपा नेता अनिल टाइगर हत्याकांड में आरोपी को हाईकोर्ट से मिली राहत

**रांची :** भाजपा नेता अनिल टाइगर हत्याकांड में आरोपी देवब्रत नाथ शाहदेव को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने उन्हें अग्रिम जमानत दे दी है। अदालत ने शर्त रखी है कि आरोपी को पचास-पचास हजार रुपये के दो निजी मुचलके भरने होंगे। देवब्रत नाथ शाहदेव की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस दीपक रौशन की अदालत में हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें जमानत की सुविधा प्रदान की।

**क्या है मामला :** भाजपा नेता अनिल टाइगर की हत्या 26 मार्च 2025 को गोली मारकर कर दी गई थी। घटना के बाद रांची में भाजपा कार्यकताओं ने उग्र प्रदर्शन किया था और बंदी भी कराई थी। पुलिस जांच में सामने आया कि हत्या की वजह जमीन विवाद था। जांच के दौरान यह भी खुलासा हुआ कि इस हत्याकांड का मास्टरमाइंड देवब्रत नाथ शाहदेव है। फिलहाल हाईकोर्ट से मिली अग्रिम जमानत के बाद देवब्रत को गिरफ्तारी से राहत मिल गई है, लेकिन केस की जांच अभी जारी है।

**डोरंडा मनीटोला में चाकूबाजी :** रांची : डोरंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोरंडा मनी टोला में बुधवार की सुबह चाकूबाजी में 2 से 3 लोग घायल हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार भूईयां टोली काली मंदिर रोड के पास यह घटना घटी है। आपसी विवाद को लेकर 2 गुटों में चाकूबाजी हुई। चाकूबाजी की खबर मिलते ही इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। स्थानीय लोगों ने डोरंडा थाना को चाकूबाजी की घटना की जानकारी दी। इसके बाद थाना की टीम घटना वाले जगह पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। वहीं, 2 लोगों को पुलिस ने पकड़कर थाना लाई है।

# स्वस्थ रहने के लिए मन की शुद्धता और शांति जरूरी : आरएन सिंह

संवाददाता



**रांची :** स्वच्छ मन और स्वस्थ तन, दोनों ही हमारे जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं। मन की शुद्धता और शांति न केवल हमारे मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है, बल्कि यह हमारे शारीरिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव डालती है। उक्त बातें एचईसी परिसर के सेक्टर तीन (धुर्वा) स्थित आवास संख्या बी-277 निवासी धार्मिक-आध्यात्मिक विषयों के ज्ञाता धर्मपरायण रविंद्र नाथ सिंह ने अपने संदेश में कही। उन्होंने कहा कि

मन की शुद्धता और शांति हमें आंतरिक शक्ति और संतुष्टि प्रदान करती है। जब हमारा मन शुद्ध और शांत होता है, तो हम अपने जीवन को अधिक सकारात्मक और अर्थपूर्ण बना सकते हैं। मन की शुद्धता और शांति हमें तनाव, चिंता, और अवसाद जैसी मानसिक समस्याओं से बचाती है।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ तन के लिए मन की शुद्धता और शांति बहुत महत्वपूर्ण है। जब हमारा मन शुद्ध और शांत होता है, तो हमारा शरीर भी स्वस्थ रहता है। मन की शुद्धता और शांति हमें शारीरिक समस्याओं, जैसे कि उच्च रक्तचाप, मधुमेह और हृदय रोग से भी बचाती है।

श्री सिंह ने मन की शुद्धता और शांति के लिए कुछ सुझाव भी दिए। उन्होंने बताया कि ध्यान और योग हमें मन की शुद्धता और शांति प्रदान करते हैं। इसलिए ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या में अवश्य शामिल करें।

प्राणायाम और व्यायाम हमें शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। इसलिए नियमित रूप से व्यायाम करें। सकारात्मक सोच हमें शांति प्रदान करती है। इसलिए सदैव सकारात्मक सोचें।

प्रकृति के साथ जुड़े रहने से भी हमें शांति मिलती है। इसलिए प्रयास करें कि अधिक से अधिक समय प्रकृति के साथ जुड़े रहें।

मन की शुद्धता और शांति के साथ स्वस्थ तन का संबंध बहुत महत्वपूर्ण है। यह हमें आंतरिक शांति और संतुष्टि प्रदान करती है, जबकि स्वस्थ तन हमें शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में मदद करता है।

## जरूरतमंद लोगों को एकता कमेटी ने कपड़े दिए



**रांची :** आज मंगलवार को सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची के तत्वावधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर और काली मंदिर में गरीब जरूरतमंद लोगों को एक रिक्शा कपड़े दिए। इस अवसर पर भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने संस्था द्वारा चलाए जा रहे शुभ कार्यक्रम में सभी से सहयोग करने की अपील की और कहा कि मानवता इंसानियत सबसे बड़ा होता है। हम लोगों को इंसानियत के लिए काम करनी चाहिए सेक्रेटरी रामेश्वर राम ने कहा कि भारतीय एकता कमेटी 1992 से लगातार शुभ कार्य जरूरतमंद बीमार गरीब लोगों के लिए और मासूम बच्चों के पढ़ने लिखने के लिए समाज सेवा करते आ रही है। इसमें सभी को आगे आकर मदद करनी चाहिए और झारखंड सरकार से भी अपील है कि भारतीय एकता कमेटी को ज्यादा से ज्यादा ग्रांट अनुदान दिया जाए ताकि और ज्यादा शुभ कार्य किया जा सके।

## चतरा के नव पदस्थापित पुलिस अधीक्षक मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रांची :** चतरा के नव पद स्थापित पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर उन्हें शुभकामना दी और पुष्प गुच्छ भेंट किया विदित हो कि चतरा के नव पदस्थापित : पुलिस अधीक्षक के रूप में सुमित अग्रवाल की पद स्थापना 27 मई को हुई उन्होंने 28 मई को तत्कालीन पुलिस अधीक्षक विकास कुमार पांडेय से अपना प्रभार ग्रहण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री से शिष्टाचार मुलाकात किया। विदित होकर भारतीय पुलिस सेवा 2019 बैच के आईपीएस अधिकारी सुमित कुमार अग्रवाल इससे पूर्व ग्रामीण एसपी रांची के रूप में पदस्थापित थे तथा प्रशिक्षण के दौरान वे पश्चिम सिंहभूम चाईबासा जिला में पदस्थापित रहे थे। श्री अग्रवाल भारतीय पुलिस सेवा 2019 के बेहतर ,कर्मठ और उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पूरे राज्य में पहचाने जाते हैं ।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई निविदा सूचना
मुख्य परियोजना प्रबन्धक (जीएसयू), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्यों के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा संख्या :** GSUAII-PH53-03-2025 **कार्य का नाम :** Raising and extension of medium level platform to high level platform with all passenger amenities at stations (PF)-AUWA(1,2), BQN(1,2),NANA(1,2), MXO (1,2) stations to eliminate the deficiency of MEA at 4 stations 8 platforms. **अनुमानित लागत :** रू. 17,87,28,444.72 Bid Security : रू 10,43,700.00 **ई निविदायें बंद होने की तिथि व समय :** 27.06.2025 को 15.00 बजे **ई निविदायें खोलने की तिथि व समय :** 27.06.2025 को 15.30 बजे उपरोक्त ई निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता : www.ireps.gov.in
664-DR/25
NWRailways @NWRailways_ए फॉलो करें

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची
सर्वसाधारण के लिए सूचना।



**अज्ञात पुरूष का शव उम्र करीब–25 वर्ष, रंग–सॉंवला,**
उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव नामकुम थाना अन्तर्गत जोरार स्थित रेलवे पोल नं0–413/01–03 के पास बरामद किया गया है। जिसके संबंध नामकुम थाना यू0डी0 काण्ड सं0–19/2024, दिनांक–27.05.2024 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।
अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस अज्ञात पुरूश के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।
पुलिस उपाधीक्षक मु0, प्रथम, रॉंची। –9431706141
थाना प्रभारी नामकुम, रॉंची। –9431706173
पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची।
PR.NO.354599 Police(25-26):D

# कला आंतरिक मन में अभिव्यक्ति को जोड़ खुद विस्तारित होती है

**कला** आंतरिक मन में ऊपजी क्रिया प्रतिक्रिया के बीच, संदर्भ व अभिव्यक्ति को जोड़ खुद विस्तारित होती है। कला व्यक्त हो संस्कृति का हिस्सा तब बन जाती है, जब मानव खुद को खुद में तराशना या गढ़ना शुरू कर देता है। बात रखना चाहेंगे बाल कला की, वेदना संवेदना के बीच नन्ही उंगलियां जब सृजन के लिए खुद को अनुकूल मान चित्र सृजन करती है।तब जीवन की सजीव चित्र मूर्त रूप में हमारे सामने होती है। बाल कला बाल रचना संसार इन्हीं विचारों के साथ निडर होकर कला के उत्कृष्टता को बिना समझे बस यूं ही नन्हीं उंगलियों को घुमाते जातें हैं कलाकृतियां सापाट रंगों के साथ हमारे सामने होती है। पिछले दिनों भोजपुर के कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में एक सजग कलात्मक प्रयास किया गया था।प्रखर समझ रखने वाले कार्यक्रम पदाधिकारी चन्दन प्रभाकर जी, व संदर्भ संगत विचार रखने वाले जिला प्रभारी कस्तूरबा गांधी श्री मिथिलेश कुमार जी। दोनों अधिकारी के विचारों का उपज भोजपुर जिला में पहली बार कला के व्यापक संगम बाल कला के रूप में निखरकर सामने आया। कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों में बारी-बारी से तीन दिनों का कला शिविर रख ललित कला शिक्षकों के सहयोग से एक खासा प्रभावी कला प्रदर्शनी डॉ नेमिचन्द शास्त्री कन्या उच्च विद्यालय में रखा गया। पूरे एक माह के मेहनत लगन से ललित कला विषय से संबंधित कला के भिन्न-भिन्न विषय जैसे चित्रकला, मूर्तिकला, कोलाज,उडकट,पेपरमैशी, पोस्टर,व तरह-तरह के कागज के प्रयोग से बनें खिलौने ने लोगों को बरबस अपने तरफ आकर्षित किया। बाल कला बाल रचना में अक्सर देखा समझा गया है कि, बच्चे अपने कल्पनाओं के दुनिया का सृजन रूप रेखा अपने घर परिवार समाज गांव घर से ही प्रेरित हो स्थिति परिस्थिति को चित्र व शिल्प का हिस्सा मान लेते हैं। तब है कि उनके द्वारा सृजित कला में स्थानीयता व सामाजिक बनावट बुनावट को बड़ा ही बेहतर शैली में चित्रित किया जाता है। यह आयोजन या इस तरह का कला शिविर प्रदर्शनी,जहां तक पता किया गया तो बिहार में पहली बार आयोजित हुआ। तकरीबन 30 कलाकारों का अलग-अलग टोली बना, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में प्रतिनियुक्ति कर एक कलात्मक अभियान की तरह प्रयास किया गया। सरकारी विद्यालयों में इस तरह का सृजनात्मक आयोजन कम ही देखने को मिलता है।तब है कि नवाचार शिक्षा पद्धति व शैली में गतिविधि को प्रमुखता से जगह दिया गया है,शायद यह भी एक मजबूत पक्ष रहा कला संस्कृति को समृद्धि देने के लिए। छात्राओं ने तूलिका व रंग के साथ खूब खेली, प्राइमरी कला बारीकियों को बताने समझाने के बाद उन्हें फ्री छोड़ दिया गया। छात्राओं ने अपनी सृजित कलाकृति में कलागत समग्रता को बड़ा ही मौलिक अंदाज में खेल खेल में ही ऐसे ढेरों कलाकृतियां गढ़ डालीं जो भोजपुर के लिए मिशाल है। निश्चित रूप से कला शिक्षकों का वो अथक परिश्रम ही था, जो कला गतिविधि को लोक शिक्षा से जोड़ शिक्षा में कला महत्व को मजबूती दी। एक महीने के कलात्मक प्रयास में लगभग 5000 कलाकृतियों ने जन्म लिया था,जो स्थानीय भावना के बीच वैचारिक संदर्भ गढ़ता नजर आया। कोई भी सृजनात्मक प्रयास तब अपने मूल शैक्षणिक स्वभाव को प्रदर्शित कर पाता है,जब वहां के अधिकारी पदाधिकारी सृजनात्मक समझ रखता हो। इस कला संगम में निश्चित रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी अहसन जी ने अपने वैचारिक संबोधन में कला गतिविधि शिक्षा पर बल देते नजर आए थे। छात्र जीवन में अकादमिक पृष्ठभूमि अगर कला से जुड़ जाए तो, जीवन प्रायोगिक कला के लिए खुद को अनुकूल बना ही लेती है।तब है कि आज कला शिक्षा से सिधा रोजगार जुड़ा है, पारंपरिक कला सृजन व समकालीन कला रचना दोनों अपने मूल शैक्षणिक स्वभाव से शिक्षा को रोजगार, स्वरोजगार से जोड़ता दिखता है। कुल मिलाकर देखा जाए विचार रखा जाएं तो पाएंगे कि कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में,यह कला शिविर कला प्रदर्शनीयां निश्चित रूप से लोगों के मन मस्तिष्क में एक एहसास पैदा करने में सफल दिखती है। इस तरह का सृजनात्मक प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में समय-समय पर होते रहना चाहिए,जो छात्र छात्राओं के लिए एक बेहतर विकल्प के रूप में दिखें। कुल मिलाकर यह आयोजन भोजपुर के धरती से शुरू हुआ और समाज में शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षा विदो के बीच संदर्भ गढ़ अपने मौलिक मूल्यों को लेकर चर्चा में रहेगा या है।

**रौशन राय**
**कला शिक्षक/ कला लेखक**
**प्रोजेक्ट बालिका+2 विद्यालय चरपोखरी भोजपुर**

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता.**

## रेवड़ियों पर केंद्रित होता दिल्ली विधानसभा चुनाव

दिल्ली में चुनावी घमासान के बीच रेवड़ी बांटने की प्रतिस्पर्धा-सी दिख रही है। ऐसा लगता है कि अब दिल्ली की सत्ता तक पहुँचने का मार्ग केवल मुफ्त की रेवड़ी ही है। दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दल जनता के बीच अपने पिटारे से मुफ्त वाली विभिन्न योजनाएं गिना रहे हैं। इस होड़ में आम आदमी पार्टी पहले ही पिटारा खोल कर बैठी है। अब कांग्रेस और भाजपा भी उसी रास्ते की ओर प्रवृत्त है। एक तथ्य ध्यान देने योग्य है कि आम आदमी पार्टी के पास कुछ नया नहीं है क्योंकि वह पिछले चार विधानसभा चुनाव से इसी राह पर चल रही है। मुफ्त की योजनाओं के वादे करना आम आदमी पार्टी की फितरत बन गई है। इससे अलग अपेक्षा नहीं की जा सकती क्योंकि यह मार्ग उसके लिए लाभकारी साबित होता रहा है। इसलिए आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को इस बार भी उन्हीं के नाम बाजी होने का पूरा विश्वास है।

वर्तमान में दिल्ली विधानसभा चुनाव के प्रचार में राजनीतिक दलों के नेताओं की ओर रेवड़ियों की झड़ी लगाई जा रही है। ऐसा लगता है कि दिल्ली की जनता रेवड़ी की आदी हो चुकी है। इसका राजनीतिक आशय यह भी निकाला जा सकता है कि अपना नायक चुनने के लिए किसकी रेवड़ी स्वार्थ पूर्ति करने वाली है, यह ही देखा जाएगा। इस कवायद को लालच देकर वोट प्राप्त करने का माध्यम भी माना जा सकता है क्योंकि मुफ्त में खजाना लुटाना किसी प्रकार से न्यायसंगत नहीं माना जा सकता क्योंकि इसका बोझ उस समाज पर आता है, जो योजना का लाभ लेने के पात्र नहीं होते। हालांकि सरकार की तरफ से आम जनता का ध्यान रखा ही जाना चाहिए लेकिन इसके लिए मुफ्त की योजना की जगह अन्य तरीके अपनाए जाएं तो बेहतर होगा। नहीं तो एक दिन यही योजनाएं विकास योजनाएं न होकर विनाशकारी मार्ग तैयार कर सकती हैं।

दिल्ली में एक दशक पहले भाजपा और कांग्रेस के बीच ही चुनावी लड़ाई होती रही थी, लेकिन कांग्रेस सरकार के भ्रष्टाचार के विरोध में एक धूमकेतु की तरह अरविन्द केजरीवाल ने आम आदमी पार्टी उभरी, जिसने लोक लुभावने वादे कर आम जनता का छप्पर फाड़ समर्थन प्राप्त करके दिल्ली के सिंहासन को कब्जे में ले लिया। मौजूदा चुनाव में एकबार फिर बहुकोणीय मुकाबला होने की तस्वीर बन रही है। आम आदमी पार्टी साथी दलों को हाथ छुड़ा कर अकेले ही चुनावी मैदान में उतरी है। लेकिन उसकी सबसे बड़ी परेशानी यह है कि उसके नेता अरविन्द केजरीवाल पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। ऐसा कहना भी समुचित होगा कि केजरीवाल की कथनी और करनी में जमीन-आसमान का अंतर है। एक समय सुविधाओं को त्याग कर राजनीति करने की कसम खाने वाले केजरीवाल की जीवन शैली भौतिक सुख-सुविधाओं से भरी मालूम पड़ती है। शीशमहल के नाम से भाजपा द्वारा प्रचारित उनके आवास में लग्जरी सुविधाएं हैं। जो उनके कथन से कतई मेल नहीं रखती। ऐसे में यह कहना तर्कसंगत होगा कि इस बार केजरीवाल की राह उतनी आसान नहीं है, जो पहले थी। दूसरी बड़ी बात यह है कि इस बार के चुनाव में आम आदमी पार्टी के समक्ष गंभीर चुनौतियाँ भी हैं। केजरीवाल जमानत पर बाहर हैं, वे दोष मुक्त नहीं हुए। उनके मुख्यमंत्री कार्यालय जाने पर प्रतिबन्ध उसी समय लगा दिया गया, जब वे मुख्यमंत्री थे, ऐसी स्थिति में केजरीवाल फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री बनेंगे, इसकी गुंजाइश भी नहीं है।

आम आदमी पार्टी के समक्ष एक बड़ी चुनौती यह भी है कि इस बार के चुनाव में कांग्रेस और भाजपा के अलावा बहुजन समाज पार्टी और औवेसी की पार्टी भी मैदान में है। यह दोनों राजनीतिक दल जितने प्रभावी होंगे, उसका खामियाजा आम आदमी पार्टी को ही भुगतना होगा। एक गणित यह भी है कि पिछले चुनाव में अंदरूनी तौर पर कांग्रेस पार्टी का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिला लेकिन इस बार पूरी गंभीरता के साथ कांग्रेस चुनावी मैदान में है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ने केजरीवाल के समक्ष वजनदार प्रत्याशी उतार कर यह संदेश तो दिया कि इस बार केजरीवाल की पार्टी आसानी से विजय प्राप्त नहीं करेगी। क्योंकि बसपा और औवेसी के आने से केजरीवाल की पार्टी को मुस्लिम और दलित मत हासिल करने में कमी आ सकती है। ये मतदाता अतीत में कांग्रेस के वोटर रहे हैं, जिससे लगता है कि इसबार यह मतदाता कांग्रेस को ही वोट देगा।

आम आदमी पार्टी के साथ यह विसंगति जुड़ती जा रही है कि वह गठबंधन का हिस्सा केवल उन राज्यों में है, जहाँ आम आदमी पार्टी का अस्तित्व नहीं है। जहाँ केजरीवाल की पार्टी का अस्तित्व है, वहां गठबंधन के मायने बदल जाते हैं। इसका तात्पर्य यही है कि केजरीवाल स्वार्थ सिद्धि के लिए ही गठबंधन करते हैं। यह बात सही है कि केजरीवाल को अब राजनीति की समझ आ गई है। वे एक चतुर राजनीतिक नेता की तरह चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन विपक्ष की एकता के सपने को चकनाचूर कर रहे हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषक गठबंधन में दरार आने का ठीकरा कांग्रेस पर फोड़ रहे हैं। कुल मिलाकर यह कहना उचित होगा कि गठबंधन अब बिखरने की ओर है।

खैर, मूल विषय रेवड़ी का है। मुफ्त की रेवड़ी बांटना निश्चित ही इस बात की ओर संकेत करता है कि आज राजनीतिक दलों ने आम जनता के बीच अपनी विश्वसनीयता खोई है इसीलिए चुनाव जीतने के जनता को प्रलोभन देकर वोट कबाड़ने की राजनीति की जा रही है। अब देखना यह है दिल्ली का सिंहासन किसका इंतजार कर रहा है। फिलहाल यही समझा जा रहा है कि मुख्य मुकाबला भाजपा और आदमी पार्टी के बीच है। प्रचार के लिए भाजपा के पास नेताओं की भारी भरकम फौज है तो आम आदमी पार्टी के पास केवल केजरीवाल हैं। चुनावी प्रचार के माध्यम से भाजपा अपनी बात को नीचे तक पहुंचाने का प्रयास करेगी और इसका प्रभाव भी हो सकता है। लेकिन फिर वही बात, क्या रेवड़ी के सहारे ही इस बार भी दिल्ली की सरकार बनेगी।

# जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय

**कबीर जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। यह इस वर्ष 11 जून को मनाई जाएगी। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई।**

**योगेश कुमार गोयल**

मध्यकालीन युग के महान कवि संत कबीर दास की 11 जून को जयंती है। इस अवसर पर उनका प्रसिद्ध दोहा याद आता है- बुरा जो देखन मैं चला, बुरा न मिलिया कोय, जो दिल खोजा आपना, मुझसे बुरा न कोय₹ इसका अर्थ है कि जब मैं दूसरों की बुराई देखने निकला, तो मुझे कोई भी बुरा नहीं मिला। लेकिन जब मैंने अपने दिल में झांककर देखा, तो मुझे समझ आया कि मुझसे बुरा कोई नहीं है। यह दोहा आज भी हमें आत्म-चिंतन करने और खुद को सुधारने की प्रेरणा देता है।

कबीर दास कहते हैं कि दूसरों की बुराई देखने से बेहतर है कि हम खुद को देखें और अपनी गलतियों को सुधारें। इस दोहे की शिक्षा है-हमें दूसरों की बुराई देखने के बजाय अपनी कमियों पर ध्यान देना चाहिए। हमें बदलाव की शुरूआत खुद से करनी चाहिए। हमें हमेशा विनम्र रहना चाहिए। यह दोहा हमें आत्म-चिंतन के लिए भी प्रेरित करता है।

संत कबीर ने अपना सारा जीवन देशाटन करने और साधु-संतों की संगति में व्यतीत किया है और अपने उन्हीं अनुभवों को उन्होंने मौखिक रूप से कविताओं अथवा दोहों के रूप में लोगों को सुनाया। अपनी बात लोगों को बड़ी आसानी से समझाने के लिए उन्होंने उपदेशात्मक शैली में लोक प्रचलित और सरल भाषा का प्रयोग किया। उनकी भाषा में ब्रज, अवधी, पंजाबी, राजस्थानी तथा अरबी फारसी के शब्दों का मेल है। अपनी कृति सबद, साखी, रमैनी में उन्होंने काफी सरल और लोक भाषा का प्रयोग किया है। गुरु के महत्व को सर्वोपरि बताते हुए समाज को उन्होंने ज्ञान का मार्ग दिखाया।



कबीर जयंती प्रतिवर्ष ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। यह इस वर्ष 11 जून को मनाई जाएगी। माना जाता है कि इसी पूर्णिमा को विक्रमी संवत 1455 सन 1398 में उनका जन्म काशी के लहरतारा ताल में हुआ था। संत कबीर सदैव कड़वी और खरी बातें करने वाले ऐसे स्वच्छंद विचारक थे, जिन्होंने समाज में फैली कुरीतियों, कर्मकांड, अंधविश्वास, अंधश्रद्धा, आडम्बरों की कड़ी आलोचना करते हुए समाज में प्रेम, सद्भावना, एकता और भाईचारे की अलख जगाई। उन्होंने अपने दोहों और वाणी के माध्यम से धर्म के नाम पर आम जनता को दिग्भ्रमित करने वाले काजी, मौलवी, पंडितों, पुरोहितों को आईना दिखाने का भी साहसिक प्रयास किया। संत कबीर नित्य प्रति सत्संग किया करते थे और लोग दूरदराज से भी उनके प्रवचन सुनने आया करते थे। उनकी वाणी में ऐसी अद्भुत ताकत थी कि लोग उनका सत्संग सुनने अपने आप ही दूर-दूर से उनकी ओर खिंचे चले आते थे। एक दिन सत्संग खत्म होने के बाद भी एक व्यक्ति वहां बैठा रहा। कबीर ने उस व्यक्ति से इसका कारण पूछा तो उसने उत्तर दिया, "महाराज! मुझे आपसे कुछ जानना है। दरअसल मैं एक गृहस्थ हूं और परिवार में सभी लोगों से अक्सर मेरा झगड़ा होता रहता है। मुझे समझ ही नहीं आता कि आखिर मेरे यहां गृह क्लेश क्यों होता है और वह किस प्रकार दूर हो सकता है?" संत कबीर कुछ देर चुप रहे, फिर उन्होंने अपनी पत्नी को आवाज लगाते हुए कहा कि जरा लालटेन जलाकर लाओ। दोपहर का समय था और बाहर तेज धूप निकली हुई थी लेकिन उनकी पत्नी बिना कोई सवाल पूछे चुपचाप उनके कहे अनुसार लालटेन जलाकर ले आई। वह आदमी भौंचक्का सा यह दृश्य देखते हुए विचार करने लगा कि आखिर संत ने इतनी दोपहर में भी लालटेन क्यों मंगाई है? कुछ मिनट बाद कबीरदास ने फिर पत्नी को आवाज लगाई और कहा कि जरा कुछ मीठा दे जाना। पत्नी आई और मीठे के बजाय थोड़ी नमकीन रखकर चली गई। वह व्यक्ति सोचने लगा कि ये संत और इनकी पत्नी शायद पागल हैं, तभी दोपहर के समय लालटेन जलाते हैं और मीठे के बदले यहां नमकीन मिलती है। यही सोचकर उसने चुपचाप वहां से खिसकने के इरादे से कहा कि महाराज! मैं अब चलता हूं।

कबीर ने उससे पूछा कि आपको अपनी समस्या का समाधान मिला या अभी भी कोई संशय शेष है? उस व्यक्ति को कुछ समझ नहीं आया और वह आश्चर्य से उनकी ओर देखने लगा तो संत कबीर ने उसे समझाते हुए कहा कि जिस प्रकार मैंने दोपहर की रोशनी में भी लालटेन मंगवाई तो मेरी धर्मपत्नी मुझे ताना मारते हुए कह सकती थी कि मैं सठिया गया हूं, जो इस दोपहरी में भी लालटेन मंगवा रहा हूं लेकिन उसने सोचा कि अवश्य ही मुझे किसी काम के लिए लालटेन की जरूरत होगी। इसी प्रकार मेरे मीठा मंगवाने पर जब वह नमकीन देकर गई तो मैं भी उससे बहस कर सकता था लेकिन मैंने विचार किया कि संभवतः घर में कोई मीठी वस्तु नहीं होने पर ही वह नमकीन देकर गई है। आखिर गृहस्थ जीवन में ऐसे बातों को लेकर तकरार का क्या अर्थ?

कबीरदास ने उसे गृहस्थ जीवन का मूल मंत्र समझाते हुए कहा कि अगर पति से कोई गलती हो जाए तो पत्नी संभाल ले और पत्नी से कोई गलती होने पर पति उसे नजरअंदाज कर दे। गृहस्थी में आपसी विश्वास से ही तालमेल बनता है और इससे विषम से विषम परिस्थिति भी स्वतः ही हल हो जाती है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# ईश्वरीय-स्पर्श और अभिशप्त शिला

**चीजों में अपनी खुद की जान होती है, बस आत्मा जगाने की बात है₹। इजराइल ने अपनी कहानियों के स्पर्श से मजदूर बस्तियों के उसी अहल्या पत्थर को जगाने का काम किया है। जिस स्पर्श से पत्थर बोलने लगे। वही ईश्वरीय-स्पर्श कहलाता है-एक स्फुरित सत्ता वाला स्थिति रूप , जो अनेक प्रकार की सृष्टि-संभावनाओं से भरा होता है।₹ भूमिका पढ़ कर उनको लिखा कि एक बार आपने मिथक को अंधकार कहा था किन्तु अपनी भूमिका में आपने अहल्या की भी चर्चा की है**

**डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी**

अधिक नहीं, दो दिन पहले की ही बात है। कोलकाता के वरिष्ठ साहित्य मनीषी डॉ. अरुण माहेश्वरी ने अपनी पुस्तक इजराइल-समग्र के लिए लिखी गई भूमिका पढ़ने के लिए भेजी। उसका शीर्षक है- ईश्वरीय-स्पर्श₹। उसमें माहेश्वरी ने एक अवतरण लिखा है- मार्क्स ने कहा था कि चीजों में अपनी खुद की जान होती है, बस आत्मा जगाने की बात है₹। इजराइल ने अपनी कहानियों के स्पर्श से मजदूर बस्तियों के उसी अहल्या पत्थर को जगाने का काम किया है। जिस स्पर्श से पत्थर बोलने लगे। वही ईश्वरीय-स्पर्श कहलाता है-एक स्फुरित सत्ता वाला स्थिति रूप , जो अनेक प्रकार की सृष्टि-संभावनाओं से भरा होता है। भूमिका पढ़ कर उनको लिखा कि एक बार आपने मिथक को अंधकार कहा था किन्तु अपनी भूमिका में आपने अहल्या की भी चर्चा की है और ईश्वरीय-स्पर्श की भी । और आज ही अहल्या को लेकर लिखा गया बुंदेलखंड के डॉ. चन्द्रिका प्रसाद दीक्षित का खण्ड काव्य मिला है-अभिशप्त शिला । इस काव्य को महादेवी वर्मा ने भी पढ़ा था और उन्होंने लिखा है कि ₹अहल्या की कथा नारी जीवन की मार्मिक कथा के साथ एक रूपक कथा भी है, क्योंकि अहल्या शब्द का अर्थ ऐसा भूमि खंड भी है जो अनुर्वर है तथा हल चलाने के उपयुक्त नहीं है। राम के चरण स्पर्श से वह पाषाणी भूमि हरीतिमा में जीवित हो गई। कवि ने अहल्या की कथा की कुछ भिन्न प्रकार से व्याख्या की है, जो चिंतन की विशेष सामग्री देती है। सुधी पाठक उसमें नारी मन का उद्वेलन तथा पाषाणी धरती का प्रकंपन एक साथ अनुभव करेगा।₹ यूरोप में मिथकशास्त्र (मायथोलोजी) एक अनुशासन का रूप बन गया है और उसके बहुत से आयाम हैं। उन सभी के साथ मिथक अपने आप में अभिव्यक्ति कीएक शैली भी है। पौराणिक गाथाओं की इस अभिव्यक्ति शैली और भाषा पर पश्चिम में सबसे पहले मैक्समूलर (1823-1900) का ध्यान गया था। उसने अनुभव किया कि आदिम व्यक्ति ने जिस अर्थ में उस अभिव्यक्ति-भंगिमा का प्रयोग किया था, अगली पीढ़ी ने उसे ठीक उसी अर्थ में ग्रहण नहीं किया। इस प्रकार पीढ़ियों के क्रम से भाषा में विकार आता चला गया तथा वह मूल अर्थ हम से दूर होता चला गया । भाषाशास्त्री जानते हैं कि शब्द बिंब से बनता है। परिवेश के बदलने पर बिंब का अर्थ भी बदल जाता है। इसीलिए एक पीढ़ी के बाद दूसरी पीढ़ी में जाकर शब्द का मूल अर्थ बदल जाता है। मैक्समूलर ने माना कि भाषा और अभिव्यक्ति शैली का पीढ़ियों के क्रम से बहुत गहरा संबंध है। अर्थ-परिवर्तन की इस प्रक्रिया को मैक्समूलर ने मैलेडी ऑफ वर्ड्स अथवाशब्द का विकार बतलाया था । वीरता पौरुष तथा हिंसक पशुओं को पराजित कर देने की सामर्थ्य को उन्होंने हरक्यूलिस या सैमसन का नाम दिया । मैक्समूलर मिथक-तत्व को अनिवार्य मानते हैं। फिलॉसफी ऑफ माइथोलॉजी, इंट्रोडक्शन टु द साइंस ऑफ रिलिजन' के परिशिष्ट में मैक्समूलर कहते हैं, ₹यदि भाषा विचार के ऊपरी रूप को अभिव्यक्त करने की शक्ति है, तो मिथक तत्व उसकी अन्तर्निहित आवश्यकता है । मिथक-कल्पना वाक्‌ तत्व की भांति मनुष्य की सहज सर्जना शक्ति का ही निदर्शक रूप है। मैक्समूलर के बाद कैसिरर मिथक-तत्व का विश्लेषण करते हैं । उनका कहना है कि आदिम मनुष्य के लिए भाषा के प्रतीक यथार्थ के सूचक ही नहीं थे बल्कि यथार्थ ही थे। वे मानते हैं कि मनुष्य ही एकमात्र प्राणी है जो प्रतीकों का निर्माण करता है। कैसिरर भाषा और मिथक तत्व को एक ही मूल से निकली हुई दो अलग-अलग शाखा मानते हैं। हर्डर मानते थे कि भाषा की उत्पत्ति मिथकीय प्रक्रिया के भीतर से हुई है। मनुष्य के अन्तर्जगत को अभिव्यक्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है- मिथक। आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी ने मिथक का विवेचन करते हुए कहा, मिथक वस्तुतः भाषा का पूरक है। सारी भाषा ही इसके बल पर खड़ी है। साहित्य में मिथक अनंत अनुभवों का विश्लेषण है। कलाकार के हृदय में जो मिथकीय सिसृक्षा उदित होती है, वह अवचेतन चित्त की वेगवती शक्ति है। आगे चल कर यही शक्ति पुराणकथा या माइथोलोजी के रूप में विकसित होती है। आधुनिक विचारक मिथक को प्रतीकात्मिका भाषा कहते हैं-मनुष्य ने मिथक तत्व को भुलाया नहीं है। कविता उसका प्रमाण है। निजधरी कथाएं ,चित्र और मूर्ति-शिल्प उसके साक्षी हैं। कार्य-कारण परंपरा की युक्तिसंगत व्यवस्था उस गहरे यथार्थ को प्रकट नहीं कर पाती, जो रात को सोते समय सपने में प्रकट हो जाती है । आचार्य हजारी प्रसाद ने अपने मन के अद्भुत भावों की मिथकीय-अभिव्यक्ति का स्पष्टीकरण करते हुए बतलाया है, अन्तर्जगत के भाव बाह्य-जगत के पदार्थों के बिम्ब नहीं होते। उन भावों के बिम्ब को अभिव्यंजक शब्दों द्वारा प्रकट करना कठिन होता है, परन्तु करना पड़ता है, दूसरा उपाय नहीं है। उसको भाषा के द्वारा अभिव्यक्त करने के लिए किसी-न-किसी अन्य इन्द्रिय द्वारा गृहीत बिम्ब में उसे अनूदित करना पड़ता है। अमूर्त अनुभूति को किसी-न-किसी प्रकार मूर्त बिम्बों में अनुवाद करना है। रूप को 'मधुर' कहना या सौन्दर्य को लावण्य कहना वस्तुतः एक अमूर्त अनुभूति को स्वादेन्द्रिय द्वारा अनुभूत बिम्ब के माध्यम से गोचर कराने का प्रयास मात्र है। उपरले स्तर के तर्क द्वारा कहा जा सकता है कि रूपगत सुन्दरता को माधुर्य (मिठास ) और लावण्य (नमकीन) कहना बिल्कुल झूठ है, क्योंकि रूप न तो मीठा होता है, न नमकीन। लेकिन फिर भी कहना पड़ता है, क्योंकि अन्तर्जगत के भावों को बहिर्जगत की भाषा में व्यक्त करने का यही एकमात्र उपाय है। सच पूछिए तो यही मिथक तत्व है। ऊपर-ऊपर से देखने से यह झूठ है, परन्तु गहराई में देखने पर यह सत्य है । धर्मवीर भारती ने कहा था, मिथक कथाएं प्रतीकों और मधुमयी कल्पनाओं के द्वारा हजारों साल से हमारे सांस्कृतिक-मानस को संवेदना प्रदान करने का काम करती हैं। अब उनको उनके उन्हीं प्रतीकार्थ-माध्यम से समझने की आवश्यकता है। बचपन की उस अबोध अवस्था में ही मैं अहल्या के नाम से परिचित हो गया था क्योंकि मेरी मैया सवेरे स्नान करके जिन श्लोकों का उच्चारण करती थीं, उनमें अहल्या, द्रौपदी, कुन्ती, तारा और मन्दोदरी के पवित्र नाम आते थे । जब गोस्वामी तुलसीदास की कवितावली पढ़ने लगा तब अहल्या से मेरी फिर से मुलाकात हो गई। केवट कहता है -गौतम की घरनी ज्यों तरनी तरैगी मेरी,प्रभुसों निषादु ह्वै कैं बादु ना बढ़ाइहौं। जब वह पत्थर आपके चरण-स्पर्श से नारी बन गई तो यह तो काठ की नाव है- कोमल है, जल खाय रहा है । यदि मेरी नाव भी आपकी चरण-धूलि के स्पर्श से नारी बन गई तो मेरे लिए नई मुसीबत खड़ी हो जाएगी । उसके बाद में विन्ध्याचल के उपासियों के साथ तुलसीदास जी ने मजाक किया है- ह्वै हैं शिला सब चन्द्रमुखी । पर्वत की इतनी शिलाएं चन्द्रमुखी बन जाएंगी तो हमारा अकेलापन दूर हो जाएगा । जब पुराण पढ़ने का नम्बर आया तो गौतम ऋषि की कथा भी पढ़ ली । अहल्या के सौन्दर्य पर रामायण तथा पुराणों में विस्तार से वर्णन है और यह भी उल्लेख है कि इन्द्र उससे विवाह करना चाहता था और उसके लिए उसने पृथ्वी-परिक्रमा भी की थी किन्तु अहल्या का विवाह गौतम ऋषि से हुआ । राम और लक्ष्मण ऋषि विश्वामित्र के साथ मिथिलापुरी के वन उपवन देखने के लिए निकले तो उन्होंने एक निर्जन स्थान देखा। विश्वामित्र ने बताया, ₹यह स्थान कभी महर्षि गौतम का आश्रम था। वे अपनी पत्नी के साथ यहां रह कर तपस्या कर रहे थे। एक दिन जब गौतम ऋषि स्नान के लिए आश्रम के बाहर गए थे तो उनकी अनुपस्थिति में इन्द्र ने गौतम ऋषि के वेश में आकर अहल्या से प्रणय याचना की।

# मन और शरीर स्थिर हो तो आनंद का अनुभव होता है

जीवन को जितना समझते हैं, जीवन उससे कहीं अधिक है। मनुष्य रूप में हमें जो जन्म मिला है, वह अपनी आत्मा को जानने और उसका मिलाप परमात्मा से कराने के लिए है। जब यह पता होगा कि हमें हमारी आत्मा को परमात्मा में लीन कराना है, तभी हम आंतरिक आध्यात्मिक यात्रा शुरू करेंगे। इसी यात्रा में हम अपने अंतर में परमात्मा का अनुभव कर सकते हैं। इसके लिए हमें अपने ध्यान को बाहरी दुनिया से हटाकर अंतर में केंद्रित करने की सही तकनीक को सीखने की जरूरत है। इस प्रक्रिया को हम ध्यान-अभ्यास कहते हैं।

जब हम अपना ध्यान बाहर की दुनिया से हटाकर अंतर में केंद्रित करते हैं, तब हमारे लिए आंतरिक आध्यात्मिक दुनिया खुल जाती है। तब हम परमात्मा की ज्योति और प्रेम से जुड़ सकते हैं। शांत होकर बैठने की प्रक्रिया दिखने में आसान लगती है, लेकिन जब हम ध्यान-अभ्यास के लिए बैठते हैं, तब पाते हैं कि कई रुकावटें हमारे रास्ते में आती हैं। जैसे ही हमें अपने अंतर में कुछ अनुभव होता है, तब हमें यह भ्रम होता है कि हमने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। जबकि हम केवल रास्ते के एक मोड़ तक ही पहुंचे होते हैं। हमें लक्ष्य में आने वाले मोड़ को समझने की जरूरत है। हमें मोड़ को मंजिल समझकर रुकना नहीं चाहिए, बल्कि अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। जैसे ही हम परमात्मा की ओर जाने वाले रास्ते पर कदम बढ़ाते हैं, हमारा मन हमें अंतर में कई मुसीबतों और बाधाओं में डाल देता है। मन से उत्पन्न होने वाले विचार और इच्छाएं हमें विचलित कर हमारा ध्यान अपने लक्ष्य से भटका कर दूर कर देते हैं। ध्यान-अभ्यास के दौरान हममें से बहुत से लोग शरीर या मन को स्थिर नहीं कर पाते। हम एक या दो दिन की कोशिश के बाद शायद हार मान जाते हैं क्योंकि हम लंबे समय तक स्थिर नहीं रह सकते हैं। लेकिन जब हमें इसका अभ्यास हो जाता है तो हम अपने आपको आंतरिक आध्यात्मिक दुनिया के नजारों और आवाजों का आनंद लेते हुए पाते हैं। इसे महसूस करने की जरूरत है। ध्यान-अभ्यास के लिए हमें धैर्य, दृढ़ता और कठिन परिश्रम की जरूरत है। इसमें हमें अपने ध्यान को अपने भीतर केंद्रित कर भटकने नहीं देना चाहिए। समय के साथ-साथ मेहनत करके हम अपने मन और शरीर को स्थिर करने में समक्ष हो जाते हैं, फिर आंतरिक दुनिया हमारे लिए खुल जाती है। फलस्वरूप हम परमात्मा के प्रेम और ज्योति के साथ जुड़ने पर असीम आनंद का अनुभव कर सकते हैं। इस आनंद या इस अनुभव को शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। कदम दर कदम जैसे ही हम अपनी तकनीक में सुधार लाकर अपने लक्ष्य की ओर ध्यान करते हैं, तो हम उस उद्देश्य को पूरा कर सकते हैं, जिसके लिए हमें यह मानव शरीर मिला है। हममें से प्रत्येक आंतरिक यात्रा कर सकता है। प्रश्न केवल यही है कि हम अपने लक्ष्य की तरफ कितना ध्यान केंद्रित करते हैं और उसकी प्राप्ति के लिए कितनी लगन और दृढ़ निश्चय से प्रयास करते हैं।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# नगर क्षेत्र में जल गुणवत्ता सुधार व गंगा स्वच्छता एक निर्णायक कदम : उपायुक्त

संवाददाता

**साहिबगंज :** नमामि गंगे परियोजना के तहत नगर क्षेत्र में जल प्रदूषण की रोकथाम और गंगा नदी के संरक्षण के उद्देश्य से आज समाहरणालय सभागार में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शहरी सीवरेज व्यवस्था जल शुद्धिकरण उपायों तथा अन्य संबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति का जायजा लिया गया एवं भावी कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।बैठक में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के उन्नयन, इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन कार्यों की प्रगति स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज सिस्टम की वर्तमान स्थिति की गहन समीक्षा की गई। विशेषकर आगामी मानसून को ध्यान में रखते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।



साहिबगंज नगर क्षेत्र में संचालित सीवरेज ट्रीटमेंट संयंत्र की वर्तमान क्षमता कार्यशीलता और उन्नयन की आवश्यकता पर आधारित विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन पर चर्चा की गई।गंगा नदी में सीधे गिरने वाले नालों को नियंत्रित करने हेतु इंटरसेप्शन एवं डायवर्जन से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई एवं शेष कार्यों के शीघ्र निष्पादन हेतु रणनीति पर विचार किया गया।वर्षा जल निकासी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु शहरी क्षेत्रों में ड्रेनेज नेटवर्क की स्थिति एवं सुधारात्मक कार्यों पर गहन विचार विमर्श किया गया।बैठक में जल जीवन मिशन, शहरी विकास विभाग और तकनीकी सलाहकार संस्थाओं एमएसवी-कंसल्टेंट एवं ज्यूडिको के प्रतिनिधियों द्वारा परियोजना के विभिन्न पहलुओं का तकनीकी प्रस्तुतीकरण दिया गया। इस दौरान उन्होंने सर्वेक्षण रिपोर्ट क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों समाधान के संभावित विकल्पों को साझा किया।

उपायुक्त ने सभी संबंधित विभागों व एजेंसियों को निर्देशित किया कि कार्यों की प्रगति की नियमित समीक्षा व अद्यतन की जाए विभिन्न एजेंसियों के बीच सशक्त समन्वय स्थापित कर समयबद्ध ढंग से योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए, तथा जनहित से जुड़ी इस महत्त्वपूर्ण परियोजना को प्राथमिकता दी जाए।इस बैठक को नमामि गंगे योजना के अगले चरण हेतु दिशा निर्धारण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह नगर क्षेत्र में जल गुणवत्ता सुधार गंगा स्वच्छता को ठोस गति प्रदान करने का एक निर्णायक कदम है।इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रबल गर्ग जिला सहकारिता पदाधिकारी महादेव मुर्मू, नगर प्रशासन पदाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं तकनीकी प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## यह रथ सामाजिक बदलाव का माध्यम बनेगा : उपायुक्त

संवाददाता

**साहिबगंज :** नशा उन्मूलन को लेकर जिले में जागरूकता फैलाने हेतु समाहरणालय प्रांगण से नशा मुक्ति जन-जागरूकता रथ को उपायुक्त हेमंत सती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों और गांवों में जाकर लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करेगा और समाज में व्याप्त नशा की प्रवृत्ति को खत्म करने के उद्देश्य से जन संवाद स्थापित करेगा।इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि नशा समाज के लिए अभिशाप है और इसके खिलाफ जनजागरूकता ही सबसे प्रभावी हथियार है। उन्होंने यह भी कहा कि यह रथ केवल प्रचार वाहन नहीं बल्कि सामाजिक बदलाव का माध्यम बनेगा।मौके पर उपस्थित अपर समाहर्ता गौतम भगत ने भी अभियान की सराहना करते हुए कहा कि जन सहयोग से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव ने बताया कि रथ के माध्यम से नुक्कड़ नाटक, ऑडियो-विजुअल माध्यम और बैनर-पोस्टर के जरिए नशा मुक्ति का संदेश जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।



## तीनपहाड़ थाना का अपना भवन हो, डीसी को भेजा पत्र

संवाददाता

**साहिबगंज :** झामुमो क्रीड़ा मोर्चा के पूर्व केंद्रीय सचिव तीनपहाड़ निवासी रजनी कांत यादव ने उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक साहिबगंज को पत्र लिख कर तीनपहाड़ थाना के अपने भवन का जल्द से जल्द निर्माण कराने की मांग की है। पत्र की कॉपी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को भी भेजा गया।लिखें पत्र मे श्री यादव ने जिक्र किया है कि दिसंबर 2024 को भी इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, साहिबगंज को पत्र लिख कर निवेदन किया था,की तीनपहाड़ थाना क्षेत्र में एक बहुचर्चित व्यवसाई की दुर्भाग्यपूर्ण हत्या हुई थी। रजनी कांत यादव ने उपायुक्त पत्र में बताया कि पूर्व के आवेदन देने के इतने दिनो में इस थाना क्षेत्र में कई अप्रिय घटनाएं जैसे हत्या, लूट, डकैती, बलात्कार, चोरी,गोलीबारी,बमबाजी हो चुकी है।श्री यादव ने उपायुक्त से कहा कि झारखंड में ऐसे कितने थाने होंगे जो कि तीनपहाड़ थाना की तरह रेलवे के एक छोटे से क्वार्टर में दशकों से चल रहे होंगे? जबकि ये थाना सामरिक दृष्टिकोण से कितना महत्वपूर्ण है कि ये पश्चिम बंगाल एवं पड़ोसी देश बांग्लादेश से काफी नजदीक है।उन्होंने कहा कि आखिर किन कारणों से इतने दिनो तक अनदेखी की गई ?श्री यादव की मांग है कि थाना का एक सुसज्जित भवन हो ताकी सभी नागरिक सुरक्षित रहे और थाना कर्मियों को भी अपना कर्तव्य निभाने में भी सुविधा हो सके।



## 250 घरों के लाभुकों को सौंपा गया चाभी

संवाददाता

**साहिबगंज :** प्रखंड राजमहल अंतर्गत सभी 23 पंचायतों में अबुआ आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासों में गृह प्रवेश कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के पूर्ण आवासों के तहत संचालित विशेष अभियान का हिस्सा रहा।कार्यक्रम के तहत चयनित लाभुकों को प्रतीकात्मक रूप से गृह प्रवेश कराया गया।जिसमें 250 घरों में फीता काटकर नारियल फोड़कर व चाभी सौंपकर लाभुकों को उनका स्वप्निल आशियाना सौंपा गया।मुख्य कार्यक्रम के तहत पंचायत खुटहरी में राजमहल विधानसभा के विधायक प्रतिनिधि मो. मारूफ द्वारा पूनम देवी, रीता देवी, बोगियां देवी सहित अन्य लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने लाभुकों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार की मंशा हर परिवार को छत मुहैया कराकर उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन देने की है। साथ ही उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभुकों को आजीविका सशक्तिकरण योजनाओं से जोड़ते हुए उनकी आर्थिक स्थिति को और बेहतर किया जाए।अन्य पंचायतों में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। महासिंहपुर पंचायत में जिला परिषद सदस्य सुष्मिता देवी, तेतुलिया पंचायत में जिला परिषद सदस्य रणधीर सिंह तथा पूर्वी जामनगर पंचायत में जिला परिषद सदस्य मो. बारीक शेख द्वारा गृह प्रवेश कार्यक्रम संपन्न कराया गया। अन्य पंचायतों में संबंधित पंचायत मुखिया की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर अवास्तव समन्वयक रविकांत रवि, आयुष राज, पंचायत सचिव मो. सिराजुल हक, कैलाश वर्मा, रोहन कुमार, राहुल सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।यह आयोजन ग्रामीण विकास की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।जिसका उद्देश्य हर जरूरतमंद को उनका अपना घर प्रदान कर सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।



## किसी भी असुविधा के लिए जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ



संवाददाता

**साहिबगंज/बरहेट :** प्रखंड कार्यालय के प्रमुख कक्ष में प्रखंड प्रमुख बर्नार्ड मरांडी ने प्रखंड क्षेत्र से आयें हुए लोगों की सुनी समस्या कुछ लोगो का समस्या का त्वरित कार्रवाई किया गया।वही कुछ का आश्वासन दिया गया की जल्द ही उनलोगो की समस्या का समाधान कर दिया जायेगा।यहां बताते चले कि प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार को प्रखंड कार्यालय बरहेट में प्रखंड क्षेत्र के बाइसों पंचायत के आमजनों का किसी भी प्रकार का हो रहें असुविधा के लिए जनसंवाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है।मौके पर उपप्रमुख रूपक साह, छवि हेंब्रम,बल्लू हांसदा,लड्डू भगत,राकेश बेसरा सहित अन्य मौजूद थे।

## बड़े नाला की साफ-सफाई शुरू



संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर परिषद ने मानसून से पूर्व शहर के मुख्य बड़े नाला,झरना नाला मुख्य सड़क किनारे नाला का साफ सफाई अभियान चलाकर शुरू किया है।सिटी मैनेजर बिरेश कुमार व शिव हरि के देखरेख में सफाई अभियान चलाया जा रहा है आज पुराना सर्वोदय स्कूल समीप,जीरवाबाड़ी में सफाई अभियान चलाया गया।जिसमें छोटा पोपलेन,जेसीबी और सफाई कर्मियों की मदद से मुख्य बड़े नाला की साफ सफाई की जा रही है।जिसमें दर्जनों सफाई कर्मियों से कार्य लिया जा रहा है।मौके पर विष्णु हरी,मारंग हेमब्रम,संजीत हरी बद्री हरी,राजू हरी,पिंटू हरी,राजा हरी,बीरु हरी,रंजीत हरी सहित अन्य सफाईकर्मी मौजूद थे।

## जामुन पेड़ से गिरने पर एक घायल

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभन पुर दियारा निवासी मो. सैफुल के 13 वर्षीय पुत्र मोहम्मद तबरेज जामुन के पेड़ से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जहां परिजनों ने आनन -फानन में इलाज के सदर अस्पताल लाया। वही सदर अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया। वही घायल मोहम्मद तबरेज के परिजनों ने बताया कि मेरा बेटा जामुन के पेड़ में जामुन तोड़ने गया था। जहां अचानक पैर फिसलने के कारण नीचे जमीन पर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। वही घायल तबरेज के सर पर गंभीर चोट लगी है।

## सांप के काटने से बच्चे की मौत

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभापुर डेरा निवासी सरोज कुमार भारती का चाथ वर्ष पुत्र श्रेयांश यादव संदेहास्पद मौत हो गई। मुफस्सिल पुलिस को सूचना मिलते ही शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। लोग अंदाजा लगा रहे हैं कि शायद श्रेयांश को किसी जहरीले सांप ने काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सोमवार की संध्या श्रेयांश यादव घर के बाहर खेल रहा था घर में आने के बाद अचानक तबियत बिगड़ गई। अचानक तबियत बिगड़ने से स्वजनों को कुछ समझ में नहीं आया उन्होंने आनन-फानन में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर श्रेयांश के शव का पोस्टमार्टम डाक्टर तबरेज आलम ,फारोग हसन ,अंकित कुमार ने पोस्टमार्टम किया। वहीं पुलिस ने यूडी का मामला दर्ज करते हुए शव को स्वजनों को सौंप दिया।इधर पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## जनता दरबार के माध्यम से लोगों की समस्याओं का समाधान करना है : बरकत खान

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** कांग्रेस के साहेबगंज जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने बरहरवा प्रखंड स्थित विधायक कक्ष में प्रत्येक मंगलवार की भांति इस मंगलवार को भी जनता दरबार के माध्यम प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीण और नगर पंचायत के लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं से अवगत होकर संबंधित पदाधिकारी से वातार्लाप कर समस्याओं का निदान करने का प्रयास किया।इसी क्रम में ग्रामों व नगर पंचायत के लोगों ने पीएम आवास,अबुवा आवास की राशि भुगतान से संबंधित मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत अनुदान राशि न मिलने से संबंधित जाति आय निवास से संबंधित,बिजली से संबंधित पेंशन से संबंधित,गुरुजी क्रेडिट कार्ड आदि से संबंधित समस्याओं को लेकर पहुंचे।वही ग्रामीणों की शिकायतों को सुनकर बरकत खान ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों से वातार्लाप कर कुछ समस्याओं का समाधान करवाने का प्रयास किया तथा बाकी समस्याओं का जल्द निदान हेतु दिए गए।वही जिला इकाई कृषक मित्र महासंघ ने कृषक मित्रों के मानदेय हेतु विधायक प्रतिनिधि बरकत खान को आवेदन दिया।और बताया की कि हम कृषक मित्र पिछले 15 वर्षों से आत्मा परियोजना,कृषि विभाग, सहकारिता विभाग,भूमि संरक्षण विभाग, गव्य विकास विभाग,पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग,उद्यान विभाग,मनरेगा, आपदा विभाग,स्वास्थ्य विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना, मुख्यमंत्री खुशहाली योजना, मुख्यमंत्री कृषि ऋण माफी योजना,मिट्टी जांच, कॉविड महामारी सहित अनेकों कार्य हम कृषक मित्र के माध्यम से किया जाता आ रहा है।परंतु आज तक हम कृषक मित्रों को कोई भी सम्मानजनक मानदेय नहीं है।जिससे हम कृषक मित्रों की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई है।

झारखंड में कई कृषक मित्रों की आर्थिक तंगी के कारण मौत भी हो चुकी है।जो अत्यंत ही पीड़ादायक एवं दुखद है।अतः आपसे निवेदन है कि से संज्ञान में लिया जाए।मौके पर प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत टुडू,मिथुन मंडल,अनन्त लाल भगत,नेहाल अख्तर,आफताब आलम, सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।



## न्यूज IN ब्रीफ

### टेंपो ने मारी टक्कर, एक गंभीर रूप से घायल

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के कबूतर खोपी निवासी दुलाचन चौधरी के चार वर्षीय पुत्र सन्नी चौधरी को तेज रफ्तार टैंपो ने टक्कर मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल किशोर के स्वजनों ने आनन -फानन में शिकायत हेतु जिरवाबाड़ी थाना पहुंचे जहां पुलिस ने इलाज के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घायल किशोर की मां सारथी देवी ने बताया कि मेरा पुत्र सन्नी घर के बाहर खेल रहा था।तभी विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार टैंपो चालक रिंकू चौधरी उर्फ बोवा चौधरी ने जोरदार टक्कर मार दिया जिससे वह दूर जा गिरा और घायल हो गया। हमलोग जब चालक को अस्पताल ले जाने के लिए कहा तो वह नहीं लेकर गया और उल्टा पुल्टा बात बोलने लगा।

### डॉ निशिकांत दूबे की कूटनीतिक दक्षता से पाकिस्तान चारों खाने चित : अमित सिंह



**साहिबगंज :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विदेशी धरती पर पाकिस्तान को बेनकाब करने और भारत का कूटनीतिक पक्ष को सफलतापूर्वक रखने के बाद स्वदेश लौटने पर झारखंड के सबसे वरिष्ठ और लगातार 4 बार से लोकसभा सांसद डॉ निशिकांत दुबे का का दिल्ली आवास पर भाजपा नेता ने भव्य स्वागत किया.भाजपा नेता अमित सिंह ने बताया की सांसद डॉ निशिकांत दुबे ने साउदी अरब सहित मुस्लिम देशों में पाकिस्तान को बेनकाब किया और आज इनके कूटनीतिक दक्षता के कारण सभी देश भारत के साथ खड़ा है।साथ ही अमित सिंह ने खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के एडवाइजरी कमिटी के चैयरमैन बनने पर उन्हें हार्दिक बधाई दी.वही सांसद डॉ निशिकांत दूबे ने कहा कि झारखंड में खाद्य विभाग चुस्त दुरुस्त होगा और झारखंड के सभी अपेक्षित परिवारों तक मोदी जी का राशन समय से पहुँचेगा।साथ ही उन्होंने कहा कि अपना संताल परगना आने वाले समय में विकसित संताल परगना बनेगा।

### सरोज को मुफस्सिल पुलिस ने किया गिरफ्तार

**साहिबगंज :** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर मठिया डेरा निवासी सरोज यादव उर्फ सत्यदेव यादव उर्फ सरोज कुमार भारती को मुफस्सिल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि सरोज यादव के विरुद्ध थाना में सरकारी कार्य में बाधा डालने एवं मुफस्सिल पुलिस को अनैतिक तरीके से बंधक बनाए रखने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। यह लंबे समय से फरार चल रहा था गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया गया है पूछताछ के बाद उसे न्याय कभी रक्षा में भेज दिया गया।


### नगर पुलिस ने दो को हिरासत में लिया

**साहिबगंज :** नगर थाना पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास से दो समुदाय के युवक युवती को हिरासत में लेकर थाना लाई है। युवक बक्सर जिला के खरहतंर का रहने वाला मुस्लिम समुदाय का अनमान खान हैं।जबकि युवती रांगा थाना क्षेत्र के लखीपुर निवासी स्वर्गीय गुड्डू तुरी की पुत्री नीतू कुमारी है। दोनों न्यायालय में शादी करने वाले थे।अनमान खान ने बताया की डेढ़ वर्ष पहले नीतू अपनी सहेली की शादी में बक्सर आई थी। इस दौरान नीतू के साथ प्रेम प्रसंग हो गया। दोनों ने अपना नंबर शेयर किया और बातचीत होनी शुरू हो गई।दोनों ने शादी करने का निर्णय लिया।अनमान खान ने बताया की वह मंगलवार को फरक्का एक्सप्रेस ट्रेन से साहिबगंज पहुंचा और नीतू को साहिबगंज ही आने की बात कही नीतू किसी लोकल ट्रेन से साहिबगंज पहुंची । दोनों की मुलाकात हुई और दोनों शादी करने के लिए न्यायालय जा रहे थे। इसी बीच नीतू ने एक युवक से कोर्ट जाने का रास्ता पूछा तो युवक को दोनों पर शक हो गया और दोनों का नाम पता पूछने लगा दोनों ने अपना नाम पता बताया तो दोनों अलग-अलग समुदाय के निकले ।युवक ने तुरंत इसकी जानकारी नगर थाना पुलिस को दे दी जहां नगर पुलिस ने दोनों को अपने हिरासत में ले लिया और इसकी जानकारी युवक युवती के परिजनों को दे दी। युवक अनमान बक्सर में सेंटरिंग का काम करता है और उसके पिता कयामुद्दीन खान राजमिस्त्री का काम करता है।वहीं नीतू कुमारी के पिता की पूर्व में देहांत हो चुकी है नीतू अपने नाना नानी के साथ बरहडवा में रहती हैं। नीतू की मां दूसरे के घर में चौका बर्तन का काम करती है।

### देवघर के लक्ष्मीपुर बाजार आग की चपेट में आई कई दुकानें, लाखों के नुकसान का अनुमान



**देवघर:** जिले के लक्ष्मीपुर बाजार के पास देर शाम अचानक दुकान में आग लग गई. जिससे वहां अफरा तफरी का माहौल निर्मित हो गया. आग इतनी भयावह थी कि आसपास की कई दुकनों उसकी चपेट में आ गई. हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने बताया कि आग लगने के बाद, पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. इस दौरान स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की लेकिन वे नाकामयाब रहे. घटना की सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची. इस दौरान फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया. स्थानीय लोगों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि बाजार में आग लगने की सूचना समय पर दे दी गई थी, बावजूद इसके घटनास्थल पर एक ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची जबकि आग की भयावहता को देखते हुए कम से कम तीन से चार दमकल वाहनों की जरूरत थी. जिन दुकानदारों की दुकानें जली हैं उन लोगों ने बताया कि जिस तरह से आग की घटना हुई है, उससे कम से कम हमें 30 से 40 लाख तक का नुकसान पहुंचने की संभावना है. बता दें कि लक्ष्मीपुर चौक के पास स्थित बाजार में पूरे सालभर मेला लगता है. इस क्षेत्र में सैकड़ों दुकानें हैं. यहां बांस और प्लास्टिक के सामान से अस्थाई दुकानें बनाई जाती है. जिसके कारण आग को तेजी से फेलने का मौका मिल गया. हालांकि आग कैसे लगी इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है लेकिन स्थानीय लोगों ने शॉर्ट सर्किट की वजह से आग लगने की संभावना जताई है.



जान्हवी कपूरः

कान्स फिल्म फेस्टिवल में जान्हवी ने अपनी विंटेज ङ्करु ब्लैक हॉल्टर बैकलेस ड्रेस में शानदार डेब्यू किया। यह ड्रेस ऑड्री हेपबर्न की झलक देती थी, जिसे जान्हवी ने अपनी अनूठी स्टाइल से और भी खास बना दिया। उनका यह लुक वैश्विक फैशन जगत में खूब सराहा गया।



मौनी रॉयः

कान्स फिल्म फेस्टिवल में मौनी की दूसरी प्रस्तुति भी उतनी ही यादगार रही, जितनी 2023 में उनकी पहली उपस्थिति थी। इस बार मौनी ने कैरोलीन कॉउचर का एक बेहतरीन नेवी ब्लू ऑफ-शोल्डर गाउन पहना और शोपार्ड के शानदार गहनों के साथ अपने लुक को पूरा किया, जो बिल्कुल जादुई अंदाज़ में था।



तमन्ना भाटियाः

मिलान फैशन वीक में तमन्ना भाटिया ने रोबर्टो कावाली के एनिमल प्रिंट वाले आउटफिट में शिरकत की, तो सभी की नज़रें उन्हीं पर टिकी रहीं। फ्रिंज डिटेलिंग और बोल्ड अंदाज़ में उन्होंने यूरोपीय स्क्वायर की सैर करते हुए अपने लुक को पूरी तरह से अपना बना लिया, जो उनके आत्मविश्वास को दर्शाता है।



खुशी कपूरः

खुशी कपूर एक चमचमाती विविएन वेस्टवुड की गिल्डेड चैनमेल गाउन में किसी लाखों में एक जैसी लग रही थीं। उनकी यह खूबसूरत और एलिगेंट पसंद कार्टियर ज्वैलरी और डायर बैग के साथ पूरी हुई, जिससे उनका लुक और भी निखर गया। इन सहयोगों का मक़सद सिर्फ सुंदर तस्वीरें नहीं हैं, बल्कि यह दिखाना भी है .

जान्हवी, मौनी, तमन्ना, खुशी

# भारतीय अभिनेत्रियाँ बन रहीं ग्लोबल फैशन आइकन

भारतीय अभिनेत्रियाँ अब वैश्विक फैशन जगत में अपना परचम लहरा रही हैं, लक्ज़री ब्रांड्स के लिए नई ग्लोबल एंबेसडर बन रही हैं। यह बदलता परिदृश्य भारत के बढ़ते प्रभाव और भारतीय सौंदर्य की अंतरराष्ट्रीय पहचान का प्रतीक है। ये अभिनेत्रियाँ न केवल प्रतिष्ठित ब्रांड्स का चेहरा बन रही हैं, बल्कि वैश्विक रेड कार्पेट पर भी अपनी शैली का जादू बिखेर रही हैं। जबसे अंतरराष्ट्रीय फैशन जगत ने भारतीय सिनेमा की इन अदाकाराओं को अपना नया म्यूज बनाया है, लक्ज़री फैशन ब्रांड्स इन सितारों के साथ तेजी से साझेदारी कर रहे हैं, क्योंकि वे इनकी गहरी और वैश्विक प्रभावशीलता को पहचानते हैं। यह केवल सुंदर तस्वीरों के लिए नहीं, बल्कि यह दर्शाने के लिए भी है कि अब दुनिया भारतीय फैशन और प्रभाव को किस नज़र से देख रही है।

## राजकुमार राव को चुनौतियों से भरी प्रभावशाली फिल्में पसंद

**अभिनेता राजकुमार राव की गिनती इंडस्ट्री के मंझे हुए कलाकारों में होती है। अभिनेता ने समाचार एजेंसी से बात की और बताया कि उन्हें प्रभावशाली और चुनौतियों से भरे किरदारों वाली फिल्में पसंद हैं।**



**राजकुमार** राव का कहना है कि उन्हें डांस-केंद्रित भूमिकाओं के बजाय प्रभावशाली भूमिकाएं पसंद हैं। वे 'शाहिद', 'मालिक' और 'न्यूटन' जैसी फिल्मों को पसंद करते हैं। यह पूछे जाने पर कि वह क्या चुनेंगे, डांसिंग राजकुमार या 'शाहिद' और 'मालिक' जैसी फिल्में करने वाले राजकुमार, तो उन्होंने स्पष्ट रूप से बताया, मैं 'शाहिद', 'मालिक' और 'न्यूटन' को चुनूंगा क्योंकि मैं किसी पार्टी में भी डांस कर सकता हूं, वीडियो बना सकता हूं और उसे अपलोड कर सकता हूं, लेकिन ऐसी फिल्मों को करने के अवसर आसानी से नहीं मिलते। राजकुमार की एक्शन-ड्रामा 'मालिक' की रिलीज डेट पहले 20 जून को थी, लेकिन अब यह 11 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म में राव गैंगस्टर की भूमिका निभाते नजर आएंगे। पुलकित के निर्देशन में बनी 'मालिक' का निर्माण कुमार तौरानी ने टिप्स फिल्म्स बैनर और जय शेवक्रमणी की नॉर्दर्न लाइट्स फिल्म्स के तहत किया है। राजकुमार राव की फिल्म 'शाहिद' के बारे में बता दें, इसका निर्देशन हंसल मेहता ने किया है, जो साल 2012 में रिलीज हुई थी। 'शाहिद' वकील और मानवाधिकार कार्यकर्ता शाहिद आजमी के जीवन पर आधारित फिल्म है, जिनकी साल 2010 में हत्या कर दी गई थी। इस फिल्म में राजकुमार राव वकील आजमी की भूमिका में हैं।



## मिलाप जावेरी ने की सोनम बाजवा की तारीफ, बोले- 'मैं तो फैन हो गया'

**फिल्म** निर्माता-निर्देशक मिलाप जावेरी अपनी अपकमिंग फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' की रिलीज को लेकर उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर जावेरी ने अभिनेत्री सोनम बाजवा की खूब तारीफ की। उन्होंने तारीफ करते हुए उनके अभिनय को दमदार और धमाकेदार बताया और कहा कि वह बाजवा के फैन बन चुके हैं। सोनम बाजवा, जावेरी की अपकमिंग फिल्म का हिस्सा हैं। इंस्टाग्राम पर सोनम बाजवा के साथ सेल्फी शेयर करते हुए मिलाप ने कैप्शन में लिखा, दमदार और धमाकेदार परफॉर्मेंस देने के लिए आपका शुक्रिया सोनम बाजवा। आपने जो कमाल किया और जो हमने शूट किया, वह मेरे करियर में किसी हीरोइन के लिए लिखा गया सबसे दमदार मोनोलॉग था। आपने अपनी प्रतिभा, अपनी भावना और अपने जुनून से हर एक डायलॉग को और बेजोड़ कर दिया! एक निर्देशक के तौर पर मुझ पर भरोसा करने के लिए धन्यवाद।

उन्होंने आगे लिखा, जब सिनेमाघर आपके लिए सीटी और ताली से भर जाएंगे, तो मैं उस दिन को गर्व के साथ याद रखूंगा। 'एक दीवाने की दीवानियत' में आपने दीवानी बनकर ऐसा काम किया कि मैं आपका फैन बन गया!

इससे पहले मिलाप जावेरी ने 'एक दीवाने की दीवानियत' के स्टार हर्षवर्धन राणे की खूब तारीफ की। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए पोस्ट में उन्होंने कहा कि राणे के साथ काम करने का अनुभव शानदार रहा, जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता।

मिलाप ने हर्षवर्धन के साथ पोज देते हुए इंस्टाग्राम पर तस्वीर शेयर की, जिसमें निर्देशक-अभिनेता की जोड़ी एक-दूसरे को गले लगाते और कैमरे की तरफ देखकर मुस्कुराते नजर आ रहे हैं।

मिलाप ने राणे को न केवल अपना हीरो बताया बल्कि उनके जुनून, समर्पण, विनम्रता, धैर्य और विश्वास की तारीफ करते हुए उन्हें फिल्म के लिए सबसे बड़ी ताकत भी बताया।

## दग्गुबाती फिर करेंगे सीरीज में मार-धाड़, ये स्टार्स भी ओटीटी पर कर चुके हैं जमकर एक्शन



**जल्द** ही सीरीज 'राणा नायडू 2' में साउथ फिल्मों के मशहूर एक्टर राणा दग्गुबाती जमकर एक्शन करते नजर आएंगे। इस सीरीज का पहला पार्ट भी काफी चर्चित रहा है। बॉलीवुड के भी कई नामी कलाकार हैं, जिन्होंने एक्शन वेब सीरीज में खूब रंग जमाया है। सीरीज 'राणा नायडू 2' में एक बार फिर राणा दग्गुबाती, वेंकटेश जैसे चर्चित दक्षिण भारतीय फिल्मों के कलाकार एक्शन अंदाज में नजर आएंगे। इस सीरीज में भी राणा दग्गुबाती मार-धाड़ करते दिखेंगे। राणा से पहले भी कई बॉलीवुड एक्टर एक्शन वेब सीरीज का हिस्सा बने हैं।

## सेबी का अरशद वारसी, उनकी पत्नी और 57 अन्य पर एक्शन

**भारतीय** प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बॉलीवुड एक्टर अरशद वारसी, उनकी पत्नी मारिया गोरेटी और 57 अन्य लोगों पर सिक्योरिटीज मार्केट में कारोबार करने पर 1 से 5 साल तक की पाबंदी लगा दी है। सेबी ने अरशद और उनकी पत्नी मारिया पर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है।

दरअसल, सेबी ने पाया कि यूट्यूब चैनलों पर भ्रामक वीडियो डाले गए थे, जिनमें लोगों को सलाह दी गई थी कि वे साधना ब्रॉडकास्ट नाम की कंपनी के शेयर खरीदें। इससे अरशद ने 41.70 लाख रुपए और पत्नी ने 50.35 लाख रुपए का मुनाफा कमाया। सेबी की रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी ने 27 जून 2023 को सेबी के सामने दिए बयान में कहा था कि वह सिर्फ अपने नाम से ही नहीं, बल्कि अपनी पत्नी और अपने भाई के अकाउंट से भी ट्रेडिंग कर रहे थे। इसके अलावा, उनके कामकाज को संभालने वाली मैनेजर आहुति मिस्त्री भी इसमें शामिल थीं। सेबी ने अरशद और उनके परिवार के अलावा 57 अन्य लोगों और कंपनियों पर भी



कार्रवाई की है। इन पर 5 लाख से लेकर 5 करोड़ रुपए तक का जुर्माना लगाया गया है। इनमें साधना ब्रॉडकास्ट (अब क्रिस्टल बिजनेस सिस्टम लिमिटेड) के प्रमोटर शामिल हैं।

सेबी ने सभी दोषियों को करीब 58.01 करोड़ रुपए के अवैध लाभ को सरकार को लौटाने का आदेश दिया है। इसके साथ ही उन्हें उस रकम पर हर साल 12त्न ब्याज भी देना होगा। सेबी ने कहा है कि इस पूरे घोटाले के मास्टरमाइंड गौरव गुप्ता, राकेश कुमार गुप्ता और मनीष मिश्रा हैं। सुभाष अग्रवाल, जो साधना ब्रॉडकास्ट लिमिटेड के आरटीए के निदेशक भी थे, मनीष मिश्रा और कंपनी के प्रमोटर्स के बीच बिचौलिये का काम करते थे।

सेबी को कुछ लोगों से शिकायतें मिलीं, जिनमें आरोप लगाया गया कि एसबीएल के शेयरों के साथ भाव में गड़बड़ी कर उन्हें बेचा गया है। निवेशकों को लुभाने के लिए यूट्यूब पर झूठे वीडियो डाले जा रहे थे। इन वीडियो को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए भारी-भरकम मार्केटिंग अभियान चलाया जा रहा था। शिकायतकर्ता ने सेबी को यूट्यूब चैनल और वीडियो के लिंक भी भेजे। सेबी ने शिकायतों की जांच की और पाया कि जो लोग एसबीएल के शेयर बेच रहे थे, वे उन यूट्यूब चैनलों के मालिकों से जुड़े हुए थे। ये यूट्यूब चैनल उन शेयरों के बारे में झूठी जानकारी और असल से ज्यादा ऊंचा दाम बताते थे। इसका मकसद झूठी जानकारी से शेयर खरीदने के लिए लोगों को प्रभावित करना था। सेबी ने 15 लोगों के घर, ऑफिस या जिन जगहों पर वे काम करते थे, वहां तलाशी ली और कई तरह के कागजात और इलेक्ट्रॉनिक सामान जब्त किए और सवाल-जवाब किए।

इस वजह से टला

## 'द ट्रेटर्स' में करण-जेनिफर का कमबैक, तलाक के 11 साल बाद साथ काम करने वाले थे



**करण** जौहर के नए सेलिब्रिटी शो में टीवी के पॉपुलर कपल करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट के भी नजर आने की खबरें थीं। लेकिन अब दोनों के फैंस को निराशा हाथ लगी है।

हाल ही में मीडिया में खबरें आई थीं कि पॉपुलर एक्टर्स करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट करण जौहर के नए रियलिटी शो द ट्रेटर्स में एक साथ नजर आ सकते हैं। ये खबर उनके फैंस के लिए खास थी क्योंकि दोनों की जोड़ी बहुत पसंद की जाती है। हालांकि, शो से जुड़े एक करीबी सूत्र ने हमें बताया कि ऐसा होने वाला नहीं है।

### वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए अप्रोच किया गया था

सूत्र कि मानें तो मेकर्स ने करण सिंह ग्रोवर और जेनिफर विंगेट दोनों को वाइल्ड कार्ड एंट्री के लिए अप्रोच किया था। उन्होंने बताया, शुरू में करण ने शो के लिए हामी भर दी थी, जेनिफर ने भी सहमति दी थी। लेकिन जेनिफर ने अपनी फीस बहुत ज्यादा मांगी, जो मेकर्स के बजट से बाहर थी। ऐसा उन्होंने जानबूझकर किया।

अभिषेक बच्चन टॉप पर

## इंडियन स्ट्रीमिंग अकादमी की 2025 स्ट्रीमिंग और डिजिटल पावर लिस्ट में पहले स्थान पर



सुपरस्टार के लिए यह वाकई हाउसफुल पल है! इस प्रतिष्ठित सूची में अदिति राव हैदरी, आदित्य रॉय कपूर और कैरीमिनाटी भी शामिल हैं। मुंबई। इंडियन स्ट्रीमिंग अकादमी ने अपनी 2025 की टॉप 100 स्ट्रीमिंग और डिजिटल पावर लिस्ट जारी की है, जिसमें अभिषेक बच्चन सबसे ऊपर हैं। यह सूची हर साल भारत के ओटीटी और डिजिटल कंटेंट क्षेत्र के सबसे प्रभावशाली चेहरों को सम्मानित करती है। सूची में टॉप स्थान हासिल कर, अभिषेक बच्चन ने एक बार फिर साबित किया है कि वह स्ट्रीमिंग की दुनिया के सबसे गतिशील और भरोसेमंद नामों में से एक हैं।

पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने युवा, लूडो, बॉब बिस्वास, घूमर और मनमर्जियां जैसी यादगार फिल्में दी हैं। उनकी फिल्म दसवीं नेटफ्लिक्स पर नंबर 1 पर ट्रेंड कर रही थी, जबकि बी हैप्पी ने अमेज़न प्राइम वीडियो पर टॉप स्थान हासिल किया। उनकी हालिया फिल्म आई वांट टू टॉक ने उन्हें न केवल आलोचकों की सराहना दिलाई बल्कि बेहतरीन अभिनय के लिए कई पुरस्कार भी दिलवाए। और कहानी यहीं खत्म नहीं होती – जल्द रिलीज़ होने वाली हाउसफुल 5 के साथ अभिषेक की रफ्तार थमने का नाम नहीं ले रही। असली ब्लफमास्टर अब सिर्फ दमदार अभिनय नहीं कर रहे, बल्कि हर रिलीज़ के साथ स्ट्रीमिंग के नियम भी बदल रहे हैं। ढ्ढक्र पावर लिस्ट में अभिषेक के बाद इस लिस्ट में अदिति राव हैदरी और आदित्य रॉय कपूर हैं, जिन्हें उनकी स्ट्रीमिंग उपलब्धियों के लिए सराहा गया है। वहीं, चौथे स्थान पर हैं यूट्यूब आइकन अजय नागर उर्फ कैरीमिनाटी, जो लिस्ट में शामिल सबसे उच्च रैंक वाले गैर-अभिनेता हैं।

इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर इंडियन स्ट्रीमिंग अकादमी के संस्थापक विष्णु इंदुरी ने कहा भारत का डिजिटल स्टोरीटेलिंग परिदृश्य इस समय अपने सबसे रोमांचक मोड़ पर है। देश के हर कोने से नए क्रिएटर्स सामने आ रहे हैं, और उनकी कहानियाँ सीमाओं के पार गूंज रही हैं। पावर लिस्ट उन क्रिएटिव दिमागों का उत्सव है जो हमारे मनोरंजन के भविष्य को आकार दे रहे हैं। यह केवल कंटेंट की बात नहीं है – यह सांस्कृतिक प्रभाव की बात है। यह लिस्ट उन लोगों को सम्मान देती है जो नियमों को फिर से परिभाषित कर रहे हैं। आज के डिजिटल युग में सूची के महत्व पर अपना दृष्टिकोण जोड़ते हुए, इंडियन स्ट्रीमिंग अकादमी के सह-संस्थापक राज नायक ने टिप्पणी की स्ट्रीमिंग ने कहानी कहने को लोकतांत्रिक बना दिया है – आज एक छोटे शहर का विचार भी वैश्विक दर्शकों को प्रभावित कर सकता है। यह पावर लिस्ट उन लोगों को सम्मान देती है जो ट्रेंड्स के पीछे नहीं भागते, बल्कि उन्हें बनाते हैं – जो रचनात्मकता के साथ साहस को जोड़कर डिजिटल युग में बदलाव की दिशा तय कर रहे हैं।

## इंग्लैंड ने तीसरे टी20 में वेस्टइंडीज 37 रन से हराया, दूसरी बार किया क्लीन स्वीप

एजेंसी

**साउथैम्पटन :** इंग्लैंड ने मंगलवार को साउथैम्पटन के यूटिलिटा बाउल मैदान पर खेले गए तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में वेस्टइंडीज को 37 रनों से हराकर तीन मैचों की श्रृंखला 3-0 से अपने नाम कर ली। यह इंग्लैंड की 2021 के बाद पहली टी20आई सीरीज में क्लीन स्वीप है। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने सीमित ओवरों के नए कप्तान हैरी ब्रुक के नेतृत्व में लगातार दूसरी सीरीज में क्लीन स्वीप किया। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 3 विकेट पर 248 रन बनाए, जो घरेलू सरजमीं पर उनका अब तक का सर्वोच्च स्कोर है। ओपनर बेन डकेट ने सिर्फ 20 गेंदों में अपना तीसरा टी20 अर्धशतक जड़ते हुए 84 रनों की धमाकेदार पारी खेली। उनके साथ जेमी स्मिथ ने भी 60 रनों की पारी खेलते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने



मिलकर सिर्फ 9 ओवर में 120 रन जोड़े। जैकब बेथेल ने अंत में 36 रन की नाबाद तेज पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के सामने 249 रनों का विशाल लक्ष्य रखा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम ने 14 छक्के जरूर लगाए, लेकिन 8 विकेट पर 211 रन ही बना सकी। रोवमैन पॉवेल ने 45 गेंदों में नाबाद 79 रनों की शानदार पारी खेली, लेकिन बाकी बल्लेबाज उनका साथ नहीं दे सके। इंग्लैंड की ओर से मार्क वुड ने 31 रन देकर 3 विकेट झटके। इस जीत के साथ इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में पहली बार 19-18 की बढ़त बना ली है। बेन डकेट ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से एक बार फिर साबित कर दिया कि वे इंग्लैंड के सबसे भरोसेमंद मल्टी-फॉर्मेट ओपनर हैं। उनकी पारी में शानदार रिवर्स स्वीप, कवर्स के ऊपर से शॉट्स और स्क्वायर लेग के पीछे छक्का शामिल था, जिसने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

डकेट की बल्लेबाजी ने युवा ओपनर स्मिथ को भी आत्मविश्वास दिया, जिन्होंने दोनों फॉर्मेट में इस सप्ताह पहला अर्धशतक जमाया है। पिछले 48 घंटे वेस्टइंडीज क्रिकेट के लिए सबसे निराशाजनक साबित हुए हैं। पहले रविवार को सीरीज हार और फिर मंगलवार को एकतरफा हार। इसके बीच सोमवार को स्टार बल्लेबाज निकोलस पूरन ने सिर्फ 29 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सभी को चौंका दिया। एक समय टी20 क्रिकेट की बादशाह रही वेस्टइंडीज टीम

## आईओसी अध्यक्षीय हस्तांतरण समारोह 23 जून को

एजेंसी

**लुसाने (स्विट्जरलैंड) :** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के निवर्तमान अध्यक्ष थॉमस बाक 23 जून को एक विशेष समारोह के दौरान आधिकारिक रूप से अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी किर्स्टी कोवेंट्री को सौंपेंगे। यह हस्तांतरण समारोह आईओसी मुख्यालय ह्यओलंपिक हाउसह्ल में सुबह 11 बजे से दोपहर 12:15 बजे (भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से 3:45 बजे तक) आयोजित किया जाएगा। थॉमस बाक ने 2013 में ब्यूनस आयर्स में आयोजित 125वें आईओसी सत्र में चुनाव जीतकर नौवें अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला था। उन्होंने आठ वर्षों का पहला कार्यकाल पूरा करने के बाद मार्च 2021 में बिना किसी विरोध के पुनः निर्वाचित होकर दूसरा चार वर्षीय कार्यकाल शुरू किया। मार्च 2025 में ग्रीस में आयोजित 144वें आईओसी सत्र के दौरान उन्हें आईओसी का आजीवन मानद अध्यक्ष चुना गया। वहीं, मार्च 2025 में चुनी गई किर्स्टी कोवेंट्री आईओसी की 10वीं अध्यक्ष बनने जा रही हैं। वे इस ऐतिहासिक जिम्मेदारी को संभालने वाली पहली अफ्रीकी और पहली महिला अध्यक्ष होंगी।

यह समारोह आईओसी मीडिया के यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित किया जाएगा, जिसे दुनियाभर के दर्शक देख सकेंगे।

## पीयूष गोयल ने स्विट्जरलैंड के प्रमुख उद्योगपतियों से भारत के 11 साल के विकास पर की चर्चा,

# सभी ने किया निवेश का वादा, अब जाएंगे स्वीडन

एजेंसी



**बर्न (स्विट्जरलैंड) :** भारत के केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योगमंत्री पीयूष गोयल ने स्विटजरलैंड के खूबसूरत शहर बर्न की दो दिवसीय सफल यात्रा का समापन, गर्मजोशी, मधुर यादों और नई साझेदारियों के साथ किया। गोयल ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, " भारत की विकास कहानी में स्विस उद्योग जगत के नेताओं और प्रमुख हितधारकों की जिज्ञासा, रुचि और विश्वास से बेहद प्रभावित हूं। आगे रोमांचक अवसर हैं।" पीयूष गोयल ने एक्स पर लिखा, "स्विसमेम उद्योग दिवस पर अलग-अलग इंडस्ट्री से जुड़े 1,000 से अधिक स्विस उद्यमियों के सम्मेलन को संबोधित करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। मेरे साथ स्विस फेडरल काउंसलर पर्मेलिन जी भी शामिल हुए। उन्होंने पिछले 11 वर्ष में प्रौद्योगिकी, नवाचार और व्यापार के लिए बेहतरीन अवसर प्रदान करने के मामले में भारत के उल्लेखनीय परिवर्तन को उजागर करने के अवसर का लाभ उठाया। " केंद्रीयमंत्री गोयल ने लिखा, " स्विस उद्योग जगत को भारत में विकास और निवेश के लिए अद्वितीय अवसरों का पता लगाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उन्होंने भारत के कुशल और प्रतिभाशाली कार्यबल और सुविधाजनक व्यापार पारिस्थितिकी तंत्र का लाभ उठाया। अब भारत-स्विस संबंधों का नया मजबूत अध्याय शुरू हो रहा है। इस सम्मेलन की प्रमुख भागीदार हेलेन बुडलिगर अर्टिडा ने गोयल की एक्स पोस्ट को जस का तस अपने एक्स हैंडल पर साझा किया। उल्लेखनीय है स्विसमेम स्विट्जरलैंड के मैकेनिकल और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग उद्योगों (एमईएम उद्योगों) और संबंधित प्रौद्योगिकी-उन्मुख क्षेत्रों का प्रमुख संघ है। गोयल ने कहा कि इस दौरे के दौरान दुनिया की सबसे बड़ी कंटेनर शिपिंग कंपनी और परिवहन एवं लॉजिस्टिक्स में वैश्विक अग्रणी, मेडिटेरेनियन शिपिंग कंपनी के सीईओ सोरेन टॉफ्ट के साथ अत्यंत उपयोगी बातचीत हुई। उन्होंने भारत के तेजी से बढ़ते शिपिंग, लॉजिस्टिक्स और बंदरगाह बुनियादी ढांचे के विस्तार करने में निवेश की रुचि दिखाई। निकट भविष्य में महत्वपूर्ण साझेदारी की आशा है। इसके अलावा टिकाऊ पैकेजिंग समाधानों में अग्रणी एसआईजी ग्रुप के सीईओ सैमुअल सिग्रिस्ट के साथ सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि बर्न में विश्वस्तर पर मान्यता प्राप्त फार्मा और लाइफ साइंसेज समूह के प्रतिनिधियों से नोवार्टिस के नेतृत्व के साथ बातचीत उपयोगी रही। चर्चा भारत में उनकी अनुसंधान एवं विकास सुविधा और अत्याधुनिक, किफायती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने और आगे नवाचार करने के अवसरों पर केंद्रित रही। गोयल ने स्विस घड़ी और आभूषण निर्माण कंपनी द स्वैच ग्रुप एजी के सीएफओ थिएरी केनेल से भी मुलाकात की है। गोयल यूरोपीय देशों के साथ व्यापार को बढ़ाने के लिए नौ जून को स्विट्जरलैंड पहुंचे। अब वो वहां स्वीडन की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। दोनों देशों के बीच रणनीतिक और आर्थिक साझेदारी को मजबूत करने की दिशा में उनकी यात्रा अहम मानी जा रही है। यह यात्रा यूरोप की दो सबसे इनोवेटिव अर्थव्यवस्थाओं के साथ भारत के गहरे जुड़ाव को रेखांकित करती है।

## कोलकाता की सड़कों से फिलहाल नहीं हटाए जाएंगे15 साल पुराने वाहन

### फिटनेस सर्टिफिकेट होगा जरूरी

एजेंसी

**कोलकाता :** कोलकाता की सड़कों पर चल रहे 15 साल पुराने व्यावसायिक वाहन फिलहाल नहीं हटाए जाएंगे। कलकत्ता हाई कोर्ट ने इस संबंध में राज्य सरकार की उस नीति को मंजूरी दे दी है जिसमें पुराने वाहनों को कुछ शर्तों के साथ चलने की अनुमति दी गई थी। सरकार ने पहले ही बस मालिक संगठनों की मांग को ध्यान में रखते हुए नीति स्तर पर फैसला लिया था कि अगर पुरानी बसें सड़क योग्य साबित होती हैं, तो उन्हें चलने की इजाजत दी जा सकती है। अब हाई कोर्ट ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन कुछ सख्त शर्तों के साथ।

नये नियमों के अनुसार, 15 साल से पुराने किसी भी व्यावसायिक वाहन को सड़क पर चलाने के लिए साल में दो बार फिटनेस सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य होगा। यह फिटनेस परीक्षण सफलतापूर्वक पास करने पर ही वाहन को चलने की अनुमति दी जाएगी। इसके साथ ही, प्रदूषण जांच के लिए वाहन मालिकों को अतिरिक्त ?100 जमा करने होंगे और प्रत्येक फिटनेस सर्टिफिकेट की वैधता छह महीने तक होगी।

राज्य सरकार इस विषय में 17 जून को अदालत में नयी गाइडलाइन का मसौदा पेश करेगी। अदालत के सुझावों के आधार पर इसे अंतिम रूप दिया जाएगा और फिर सार्वजनिक अधिसूचना के रूप में लागू किया जाएगा। इस विषय पर सोमवार को ही परिवहन विभाग और विभिन्न बस संगठनों के बीच बैठक हुई। इसमें तय हुआ कि एकसाथ सभी पुराने बसों को हटाना व्यवहारिक नहीं होगा, क्योंकि इससे शहर की सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा सकती है। राज्य सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि पर्यावरण की चिंता को नजरअंदाज किए बिना, फिटनेस के आधार पर ऐसे वाहनों को सीमित रूप से चलने की अनुमति देना एक संतुलित उपाय होगा।

## फतेहाबाद : खाटू श्याम में ऑनलाइन धर्मशाला बुकिंग के नाम ठगी, केस दर्ज

एजेंसी



**फतेहाबाद :** खाटू श्याम में ऑनलाइन धर्मशाला बुकिंग के नाम पर टोहाना के युवक से हजारों की धोखाधड़ी होने का मामला सामने आया है। इस मामले में टोहाना पुलिस ने बुधवार को पीड़ित युवक की शिकायत पर केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव कन्हड़ी निवासी राधेश्याम ने कहा है कि वह टोहाना में जनरल स्टोर का सामान सप्लाई करने का काम करता है। 30 जनवरी 2025 को उसने अपने परिवार के साथ खाटू श्याम जी के दर्शन करने के लिए जाना था। इसके लिए उसने ऑनलाइन धर्मशाला में 10 कमरे बुक करने के लिए अपने फोन पर खाटूश्याम धर्मशाला सर्च किया। सर्च करने पर एक सांवरिया धर्मशाला, खाटूश्याम नाम से धर्मशाला का पता चला। वहां दिए गए मोबाइल नंबर पर फोन करके उसने 10 कमरे बुक करने को कहा। इसके बाद उसके पास व्हाटसएप पर एक मोबाइल नंबर से कमरों की फोटो आई। सभी 10 कमरों का एक दिन का किराया 10 हजार रुपये बताया गया और पैमेंट के लिए उसके पास स्कैनर भी भेजा। इस पर उसने अपने गूगल पे नंबर से उक्त स्कैनर पर 10 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उसने फोन पर रसीद मांगी तो युवक ने कहा कि उसने 9500 रुपये और 500 रुपये करके पैमेंट डालनी थी। इस पर उसने 500 रुपये ओर डालने को कहा। इस पर उसे अपने साथ फ्रॉड का शक हुआ। जब उसने ऑनलाइन सांवरिया धर्मशाला का दूसरा मोबाइल नंबर निकालकर फोन किया तो उसे अपने साथ हुए धोखे का पता चला। इस पर उसने तुरंत 1930 नंबर पर कॉल कर धोखाधड़ी बारे शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में सदर टोहाना पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## रतिया में क्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**फतेहाबाद :** रतिया क्षेत्र में एक क्रेन की चपेट में आने से एक महिला की मौत होने का समाचार है। हादसे में घायल महिला को उपचार के लिए रतिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां से उसे रेफर कर दिया गया। इसके बाद परिजन उसे फतेहाबाद के निजी अस्पताल में लेकर पहुंचे जहां बुधवार को चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस मामले में रतिया पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आरोपी क्रेन चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस को दी शिकायत में ढाणी शेरगढ़, जाखनदादी रतिया निवासी गोल्डी ने कहा है कि उसकी माता बीरो और चाची भूरी बाई दोनों किसी काम से नथवान गई थी। रास्ते में दोनों ने एक स्कूटी पर लिफ्ट ली लेकिन स्कूटी के रास्ते में खराब होने पर दोनों स्कूटी से उतर गई और पैदल जाने लगी। कुछ ही दूरी पर एक क्रेन के चालक ने क्रेन को लापरवाही व तेजगति से चलाया और उसकी माता बीरो को पीछे से टक्कर दे मारी। हादसे में महिला सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई वहीं क्रेन चालक मौके से भाग गया। बाद में आसपास के लोग वहां इकट्ठा हो गए और घायल महिला को उपचार के लिए रतिया के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया जहां से चिकित्सकों ने उसे अग्रोहा रेफर कर दिया।

## बारिश से हल्द्वानी के लोगों को मिली राहत, गर्मी और उमस में आई कमी

एजेंसी



**हल्द्वानी :** कुमाऊं का प्रवेश द्वार कहे जाने वाले हल्द्वानी में पिछले कई दिनों से तेज गर्मी के साथ ही भयंकर उमस की स्थिति बनी हुई थी। ऐसे में आज बुधवार सुबह हुई बारिश ने लोगों को इससे काफी राहत दी है। दरअसल बुधवार को सुबह करीब 7:30 बजे से शुरू हुई हल्की बारिश समय के साथ तेज होती गई। जिसके चलते मौसम सुहावना हो गया और लोगों को उमस व गर्मी से राहत मिली। वहीं इस बीच मौसम के जानकारों का मानना है कि, उत्तराखंड के कुछ जिलों में आज हल्की बारिश के साथ मानसून प्रवेश करेगा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार भी कि इस बार प्रदेश में छह दिनों की जल्दी से मानसून प्रवेश करता दिख रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूवार्नुमान के अनुसार 11 जून को देहरादून समेत उत्तरकाशी, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा, चम्पावत, नैनीताल, पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं इस दौरान मैदानी ?इलाकों में 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने के आसार हैं। जबकि आने वाले दिनों की बात करें तो 16 जून तक प्रदेश भर में हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने की संभावना है। वहीं पंतनगर कृषि विवि के मौसम विशेषज्ञ डॉ. आरके सिंह का कहना है कि 11 जून दोपहर तक गर्मी रह सकती है, लेकिन रात से मौसम बदल जाएगा। 12 जून से 14 जून तक प्री मानसून की बारिश रहेगी। और 20 जून को पूरे उत्तराखंड में मानसून आ जाएगा।

## बलरामपुर : मौसम की बेरुखी से किसान की बढ़ी परेशानी

**बलरामपुर :** मानसून की बेरुखी से अब किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगी है। नौतपा के समय लगातार चार-पांच दिनों की बारिश ने किसानों में आशा-उम्मीद का संचार किया था अब वह मायूसी और निराशा में बदल चुकी है। उल्लेखनीय है कि, बलरामपुर के किसान पूरी तरह मानसूनी बारिश पर ही निर्भर होकर खेती करते हैं। कुछ ही किसान यहां ऐसे सक्षम हैं जिनके पास स्वयं के साधन हैं। अभी नौतपा के समय जब बारिश हो रही थी तो मक्का वाले किसान बेहद चिंतित थे कि उनका मक्का कहीं खेतों में ही न सड़ जाए। अब तेज धूप और चिलचिलाती गर्मी में मक्के वाले किसान तेजी से मक्का तोड़ने और उसे थ्रेश करने में व्यस्त हैं परन्तु खेती की तैयारी में लगे किसान माथे पर हाथ धरकर बैठ गए हैं। लोगों ने पहले से ही समय पर बारिश की उम्मीद में धान बीज आदि खरीद लिया था। कुछ किसानों ने तो पहले दौर की खेतों की जुताई भी कर ली थी किंतु ऐन वक्त पर मौसम की बेरूखी ने उन्हें अन्दर तक सहमा कर रख दिया है। वे एकटक आसमान को निहार रहे हैं। मौसम का मिजाज यदि ऐसा ही बना रहा तो किसानों को भय है कि कहीं उनकी खरीफ की खेती पिछड़ न जाए। यहां के किसान ज्यादातर धान, मक्के की ही फसल करते है जो पूरी तरह बारिश पर ही नर्भिर होती है। अब किसान मौसम के इस तेवर से डरे हुए हैं और बादलों से बरसने की प्रार्थना कर रहे हैं। मात्र कुछ दिनों की बारिश और तापमान में भारी गिरावट से लोगों ने राहत की सांस लेते हुए कूलर आदि सब समेट दिया था किन्तु अचानक फिर मौसम के तीखे तेवरों को देखते हुए फिर से वहीं रुख अख्तियार कर लिया है। इन दिनों बलरामपुर जिले का पारा 38 से 40 डिग्री के बीच चढ़ा हुआ है। लोग गर्मी से बेहाल और पसीने से लथपथ है।

## राहुल गांधी अपने को पूरी तरह 'अर्बन नक्सली' की भूमिका में ढ़ाल चुके हैं: केशव प्रसाद मौर्य

एजेंसी



**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य लगातार कांग्रेस व गांधी खानदान पर हमलावर हैं। बुधवार को भी राहुल गांधी उनके निशाने पर रहे। केशव प्रसाद मौर्य ने अपने सोशल मीडिया एकाउंट एक्स पर लिखा कि आजादी के बाद से कम्युनिस्टों को ढ़ोते-ढ़ोते कांग्रेस थकी नहीं और अब उसके 'नये एंग्री यंग मैन' राहुल गांधी खुद अपने को पूरी तरह 'अर्बन नक्सली' की भूमिका में ढ़ाल चुके हैं। न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका में उनका कोई भरोसा नहीं है। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए कतई ठीक नहीं है।

# सराफा बाजार में लगातार चौथे दिन सोने की कीमत में गिरावट, चांदी में तेजी जारी

एजेंसी



**नई दिल्ली :** घरेलू सराफा बाजार में आज लगातार चौथे दिन सोने के भाव में गिरावट का रुख नजर आ रहा है। कीमत में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये से लेकर 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 89,440 रुपये से लेकर 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोना के विपरीत चांदी के भाव में भी आज तेजी का रुख नजर आ रहा है, जिसके कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में 1,000 रुपये महंगी होकर 1,09,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 89,490 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 97,620 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 89,490 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 97,720 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 89,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सराफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 97,570 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 89,440 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

## न्यूज IN ब्रीफ

### केदारनाथ से लौट रहे अलीगढ़ के छह युवक रामबाड़ा में नदी पार करते समय फंसे, पांच को एसडीआरएफ ने बचाया

**रुद्रप्रयाग :** केदारनाथधाम से बाबा के दर्शन कर लौट रहे उत्तरप्रदेश के अलीगढ़ के छह युवक रामबाड़ा के पास नदी पार करते समय फंस गए। इस दौरान एक युवक नदी के तेज बहाव में बह गया। एसडीआरएफ शेष पांचों युवकों को बचा लिया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी रुद्रप्रयाग ने रात लगभग 10:50 बजे एसडीआरएफ को सूचना दी कि लिनचोली के पास नदी में पांच व्यक्ति फंसे हुए हैं। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ भीमबली की टीम पहुंची। टीम ने पांचों युवकों को सुरक्षित रेस्क्यू कर बचा लिया। इन युवकों ने टीम को बताया कि वह अलीगढ़ के रहने वाले हैं। बाबा के दर्शन के पश्चात छोटे रास्ते से गरुड़चट्टी की ओर जा रहे थे। रामबाड़ा क्षेत्र में नदी पार करते समय वह फंस गए थे। इस दौरान उनका साथी राहुल (22) बह गया। वह लोग उसे पकड़ नहीं सके। अधिकारियों ने बताया कि बचाए गए पांचों युवकों को सकुशल मुख्य मार्ग तक लाने के बाद पुलिस चौकी लिनचोली को सुपुर्द कर किया गया। इनके नाम विष्णु चौधरी (20) पुत्र लोकेंद्र सिंह, कुनाल (17) पुत्र नरेंद्र सिंह, शिभव (21) पुत्र श्रीकांत शर्मा, महेश चौधरी (19) पुत्र गजेंद्र सिंह और शिभव कुमार (20) पुत्र दिनेश पालीवाल है।

### गोण्डा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप भाजपा से निष्कासित

**लखनऊ :** भारतीय जनता पार्टी के गोण्डा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इस संबंध में प्रदेश भाजपा कार्यालय की ओर से प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ल ने बुधवार को पत्र जारी किया। दरअसल गोण्डा जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप का एक महिला को सहारा देने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इस वीडियो पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने सफाई दी थी कि महिला को चक्कर आ गया था इसलिए उसे हमने सहारा दिया था। इस वीडियो के सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद भाजपा ने जिलाध्यक्ष को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। अमर किशोर कश्यप की ओर से पार्टी को भेजा गया स्पष्टीकरण संतोषजनक नहीं लगा। इसके बाद भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी के निदेर्शानुसार गोण्डा के जिलाध्यक्ष को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

### जम्मू कश्मीर: दो संदिग्ध आतंकियों की सूचना, सांबा के नड गांव में तलाशी अभियान शुरू

**सांबा :** जम्मू संभाग के सांबा जिले के नड गांव में ग्रामीणों द्वारा दो संदिग्ध आतंकवादियों की गतिविधि की सूचना दिए जाने के बाद सुरक्षाबलों ने बुधवार को तलाशी अभियान शुरू किया है। अधिकारियों ने बताया कि अभियान जारी है लेकिन अभी तक संदिग्धों का कोई सुराग नहीं मिला है जिनके बारे में कहा गया कि वे वर्दी पहने हुए हैं। उन्होंने बताया कि कुछ ग्रामीणों ने रात के समय नड गांव में एक स्कूल के पास संदिग्ध आतंकियों को देखा और पुलिस को सूचित किया। अधिकारियों ने बताया कि पूरे इलाके को तुरंत पुलिस और सेना के संयुक्त दलों द्वारा घेर लिया गया और आज सुबह तलाशी अभियान शुरू किया गया।

### तकनीकी विवि: काउंसलिंग के लिए 30 तक करें ऑनलाइन आवेदन

**हमीरपुर :** हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर ने नए शैक्षणिक सत्र में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। तकनीकी विवि परिसर व संबंधित सरकारी/निजी शिक्षण संस्थानों में बीटेक, बी फामेर्सी, एमटेक, एमबीए, एमसीए, बी आर्क सहित अन्य विषयों की काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। पात्र अभ्यर्थी 30 जून तक काउंसलिंग का ऑनलाइन फॉर्म भर सकते हैं। तकनीकी विवि और संबंधित शिक्षण संस्थानों में बीटेक (लेटरल व डायरेक्ट एंट्री), बी फामेर्सी (लेटरल व डायरेक्ट एंट्री), बी आर्क, एमबीए, एमबीए पर्यटन, एमसीए, एमटेक, एम फामेर्सी, एमएससी भौतिक विज्ञान, पर्यावरण विज्ञान, एमए/एमएससी योग, बीएससी एचएमसीटी/बीएचएमसीटी, फार्मा डी में प्रवेश लेने के लिए अभ्यर्थियों को ऑनलाइन काउंसलिंग फॉर्म भरना होगा। उपरोक्त सभी स्नातक व स्नातकोत्तर विषय में प्रवेश के लिए पात्रता संबंधित जानकारी तकनीकी विवि की वेबसाइट पर लगी सूचना विवरणिका में देख सकते हैं, जिसमें सभी विषयों में प्रवेश के लिए पात्रता का पूरा ब्यौरा दिया है। जिन अभ्यर्थियों ने तकनीकी विवि की प्रवेश परीक्षा (कॉमन एंट्रेंस टेस्ट) दी है, उन्हें भी काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। इसके अलावा बीटेक में डायरेक्ट एंट्री के लिए जेईई मेन परीक्षा देने वाले को भी काउंसलिंग के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा। काउंसलिंग फार्म भरने की तिथि के बाद जल्द की उपरोक्त विषयों की काउंसलिंग का शेड्यूल जारी किया जाएगा।

### सुबह टहलने निकली तीन बच्चियों को पिकअप ने रौंदा, एक की मौत, दो घायल

**बाराबंकी :** बुधवार की सुबह टिकैतनगर कस्बे में एक दिल दहला देने वाली सड़क दुर्घटना में तीन मासूम बच्चियां तेज रफ्तार पिकअप वाहन की चपेट में आ गईं। हादसे में एक बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गईं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया और फरार पिकअप वाहन को 12 किलोमीटर पीछा कर बदोसराय क्षेत्र से बरामद कर लिया। हालांकि चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन वाहन मालिक को हिरासत में ले लिया गया है। थाना व कस्बे टिकैतनगर के मुहल्ले सरावगी निवासी राधे कनौजिया की 8 वर्षीय पुत्री पलक, अपनी सहेलियों रानी (पुत्री राजू, उम्र 8 वर्ष) और शिवांशी (पुत्री धनीराम, उम्र 9 वर्ष) के साथ सुबह टहलने के लिए निकली थी। तीनों बच्चियां कोतवाली के सामने स्थित भगत सिंह पार्क के पास थी तभी तेज रफ्तार डीजे साउंड से लदी एक पिकअप ने उन्हें पीछे से रौंद दिया। हादसे में पलक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि रानी और शिवांशी गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना स्थल कोतवाली के सामने होने के कारण तत्काल पुलिस हरकत में आई और तीनों बच्चियों को अपने वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, टिकैतनगर पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने पलक को मृत घोषित कर दिया, जबकि घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। पुलिस ने दुर्घटना के बाद भाग रहे वाहन का पीछा करते हुए उसे कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के एक गांव से पकड़ लिया। हालांकि, चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने वाहन को कब्जे में लेकर उसके मालिक को हिरासत में ले लिया है। कोतवाल रत्नेश पांडे ने बताया कि मृतक बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। फरार चालक की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक चोरी के आरोपी को गिर्दा ओपी ने भेजा जेल



**बानो :** गिरदा ओपी के पुलिस को मिली सफलता।हुरदा बाजार टांड़ से चोरी हुए दोनों स्प्लेंडर प्लस बाइक को बरामद करते हुए बाइक चोरी के अभियुक्त को गिरफ्तार कर सिमडेगा जेल भेज दिया।ज्ञात हो की हुरदा बाजार टांड़ से बाइक की चोरी हो जा रही थी।उक्त बाइक चोर का पता लगाने और पकड़ने के लिए गिर्दा ओपी की पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी।गिर्दा ओपी प्रभारी जितेंद्र कुमार वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि हुर्दा बाजार टांड़ से 03 मई दिन शनिवार को रायकेरा निवासी भौसा मुंडा और 17 मई दिन शनिवार हुरदा बाजार से ही टोनिया निवासी रिकेश प्रधान की स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल की चोरी हो गई थी।दोनों सब्जी खरीददारी के लिए बाजार अपने मोटरसाइकिल से आए थे? ।लगातार बाजार से दो बाइक की चोरी की घटना से लोगों में भय व्याप्त था।पुलिस भी बाइक चोर का पता लगाने में जुट गई थी।इसी क्रम में बानो गिर्दा ओपी कांड 27/25 और 32/25 में चोरी हुई दोनों मोटरसाइकिल को बरामद करते हुए अभियुक्त गणेश साह,पिता बीरबहादुर साह पता बिसरा थाना बिसरा जिला सुंदरगढ़ को मंगलवार को जेल भेजा दिया गया।

### सिमडेगा में सरयू राय का आगमन



सिमडेगा : झारखंड विधानसभा सभा की प्रत्यायुक्त विधानसभा समिति का दो दिवसीय भ्रमण के दौरान सिमडेगा जिला में आगमन हुआ। इस दौरान उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह, पुलिस अधीक्षक मो. अर्शी एवं वन प्रमंडल पदाधिकारी शशांक शेखर ने बुके देकर माननीय सभापति सरयू राय का स्वागत किया।

### गुमला जिले के 14 मेधावी बच्चों का अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय में चयन



**गुमला :** गुमला जिले के लिए यह अत्यंत गौरव का क्षण है कि जिले के कुल 14 मेधावी बच्चों का चयन अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय के बेंगलुरु एवं भोपाल कैंपस में उच्च शिक्षा के लिए हुआ है। चयनित छात्र बीएससी, बीए एवं बीटेक जैसे विषयों में शत-प्रतिशत छात्रवृत्ति के माध्यम से निःशुल्क शिक्षा ग्रहण करेंगे।

इन छात्रों ने अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा संचालित ब्रिज प्रोग्राम के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षा में सफलता प्राप्त कर यह उपलब्धि हासिल की है। गुमला जिले से ऐसे विद्यार्थियों का चयन न केवल जिले के शैक्षणिक विकास का प्रमाण है, बल्कि यह अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

इस अवसर पर उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमान ने चयनित विद्यार्थियों से मुलाकात कर उनके उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने छात्रों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि यह सफलता न केवल व्यक्तिगत उपलब्धि है, बल्कि जिले के शिक्षा जगत के लिए भी एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उपायुक्त ने विद्यार्थियों के अभिभावकों से भी बातचीत कर उनकी प्रेरणा एवं सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

उपायुक्त ने कहा कि गुमला जैसे आदिवासी बहुल जिले के बच्चों का राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षा में सफलता अर्जित करना अत्यंत प्रशंसनीय है। इससे यह सिद्ध होता है कि जिले के बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को नई जगहों पर सजग रहने, आत्मनिर्भरता बनाए रखने तथा किसी भी समस्या की स्थिति में जिला प्रशासन से तुरंत संपर्क करने की सलाह दी।

### मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान प्रारंभ

**गुमला :** गुमला जिले में आज से 10 जून से 26 जून 2025 तक नशीले निषिद्ध मादक पदार्थों के विरुद्ध राज्यव्यापी जागरूकता अभियान का विधिवत शुभारंभ किया । जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय परिसर गुमला में आयोजित उद्घाटन समारोह में उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक गुमला हरीश बिन जमान द्वारा संयुक्त रूप से जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा संचालित 04 जागरूकता रथों (वाहनों) को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान जिले में नशा मुक्ति के प्रति जन जागरूकता को बढ़ावा देने एवं युवाओं में सकारात्मक संदेश प्रसारित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। जागरूकता रथ द्वारा प्रत्येक प्रखंडों में आज दिनांक 10 जून से लेकर 26 जून तक भ्रमण करते हुए स्थानीय नागरिकों को निषेद्य मादक पदार्थों के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियाँ एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य रूप से परियोजना निदेशक क्ळऊअ, सिविल सर्जन गुमला, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

### ट्रेनों की गेट पर बैठने में पांच गिरफ्तार

**जमशेदपुर :** टाटानगर के आरपीएफ जवानों ने ट्रेनों की गेट पर बैठने और लटकने के आरोप में पांच यात्रियों को रेलवे एक्ट उल्लंघन के आरोप में पकड़ा। हालांकि स्टेशन के प्लेटफार्म ड्यूटी के आरपीएफ जवान लोगों को ट्रेनों की गेट पर नहीं बैठने का सुझाव दे रहे हैं। इसके अलावा स्टेशन इंक्वारी से भी लगातार उद्घोषणा कर यात्रियों को सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जा रहा है। दरअसल मुंबई में लोकल ट्रेन से गिरकर यात्रियों की मौत के बाद आरपीएफ की सक्रियता स्टेशन पर बढ़ गई है।

# देवघर उपायुक्त ने श्रावणी मेला की तैयारियों को लेकर बाबा मंदिर का किया निरीक्षण



**बिनय मिश्रा**

बाबा मंदिर व आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की व्यवस्था को और बेहतर बनाने का उपायुक्त ने दिया निर्देश,राजकीय श्रावणी मेला, 2025 की तैयारियों को लेकर उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने आईएमसीआर, नेहरू पार्क, क्यू कॉम्प्लेक्स, फुट ओवरब्रिज, बाबा मंदिर प्रांगण व आसपास के क्षेत्रों का निरीक्षण कर संबंधित विभाग के अधिकारियों व कार्यपालक अभियंता को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया।इसके अलावे निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने बाबा मंदिर में जलार्पण के लिए आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु क्यू कॉम्प्लेक्स के हॉलों में स्पाईरल की व्यवस्था, सभी शौचालय की सफाई, शुद्ध पेयजल की व्यापक व्यवस्था के साथ स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया, ताकि होल्डिंग पॉइंट में श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने नाथबाड़ी, नेहरू पार्क, आईएमसीआर का निरीक्षण कर की जाने वाली तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। आगे बाबा मंदिर में साफ-सफाई, सुरक्षा-व्यवस्था, सुलभ जलार्पण, शीघ्र दर्शनम व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे की उपलब्धता एवं अन्य सुरक्षा मानकों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उपायुक्त ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए फुट ओवरब्रिज के सभी इमरजेंसी डोर को दुरुस्त करने का दिया। इसके अलावा फुट ओवरब्रिज की मरम्मति, बिजली के तारों को व्यवस्थित करते हुए सभी फैन और पेयजल से जुड़ी व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।

## 30 जून तक शराब की खुदरा बिक्री विभाग संभालेगी : मंत्री

**मेट्रो रेज संवाददाता**



**रांची:** झारखंड सरकार की नई शराब नीति को भले ही कैबिनेट की मंजूरी मिल गई हो, लेकिन यह फिलहाल लागू नहीं हो पाएगी। उत्पाद विभाग की स्थिति बिगड़ने के कारण नीति को लागू करने में देरी हो रही है। विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि जब तक हालात नहीं सुधरते, तब तक 30 जून के बाद शराब की खुदरा बिक्री विभाग खुद संभालेगा।

अधिकारियों की गिरफ्तारी से बिगड़ा सिस्टम

नई शराब नीति की घोषणा के बाद उत्पाद विभाग में बड़ी उथल-पुथल मच गई। एसीबी ( ने तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे, संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह, और वित्त महाप्रबंधक सुधीर कुमार दास को गिरफ्तार कर लिया। मौजूदा सचिव मनोज कुमार को भी पूछताछ के लिए नोटिस भेजा गया है। वहीं, उत्पाद आयुक्त भी राज्य से बाहर ट्रेनिंग पर हैं।

लॉटरी प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं

सरकार ने 15 मई को नई शराब नीति को मंजूरी दी थी। योजना थी कि 45 दिनों के अंदर लॉटरी के जरिए दुकानों को निजी हाथों में सौंपा जाएगा। लेकिन लगभग एक महीना बीत जाने के बाद भी विभाग की तरफ से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। सूत्रों के अनुसार, कर्मचारी और अधिकारियों की कमी के कारण विभाग काम आगे नहीं बढ़ा पा रहा है।

30 जून के बाद जिलों को दी जाएगी जिम्मेदारी

उत्पाद मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि 30 जून के बाद जिले के उत्पाद कार्यालयों को बिक्री की जिम्मेदारी दी जाएगी। इससे पहले प्लेसमेंट एजेंसियों को हटाया जाएगा और सहायक उत्पाद आयुक्त की टीम बिक्री और मैनपावर की जिम्मेदारी संभालेगी। मंत्री ने कहा कि जैसे ही विभाग की स्थिति बेहतर होगी, नई शराब नीति को लागू कर दिया जाएगा। फिलहाल विभाग खुद शराब की बिक्री का काम देखेगा।

### पटमदा में 10 पीडीसी दुकानों में नहीं पहुंचा दो माह का राशन

**जमशेदपुर :** पटमदा के विभिन्न गांवों के 10 पीडीएस दुकानों को दो माह का राशन नहीं मिला है जबकि 15 जून तक इसके शत-प्रतिशत वितरण का आदेश जारी किया है। जून और जुलाई माह के राशन नहीं मिलने से पीडीएस दुकानदारों को ग्राहकों सेउलझने की चिंता सताने लगी है। ऐसा आरोप है कि सहायक गोदाम प्रबंधक (एजीएम) ने बकायदा राशन की रिसीविंग करवा ली है। पटमदा प्रखंड के पांच पीडीएस दुकानदारों (महिला समूह) मां संतोषी महिला समूह महुलबना, काश्मार बनगोड़ा महिला समूह, बेलडीह महिला समूह, जनकल्याण महिला समूह एवं हरि ओम महिला समूह ने इसकी शिकायत जिला आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जुगसलाई विधायक से लिखित तौर पर की है।

# धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का प्रचार-प्रसार शुरू

**गुमला :** जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जनजातीय समुदाय के लोगों को सरकारी योजनाओं से शत-प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से वर्ष 2024-25 से धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान (ऊअ-खक्र्रूअ) कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। यह अभियान प्रधानमंत्री जनजातीय समावेशन मिशन (ढट-खअठटअठ) के साथ मिलकर गुमला जिले के आदिवासी बहुल गांवों में सरकारी योजनाओं की पहुंच और प्रभाव को सुदृढ़ बनाने के लिए एक परिवर्तनकारी पहल के रूप में संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जमीनी स्तर पर जागरूकता बढ़ाना, सरकारी लाभों को अधिकतम पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाना और विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (ढश्ळ्क्र्र) को सशक्त बनाना है। इस दिशा में 15 जून 2025 से 30 जून 2025 तक एक विशेष सूचना, शिक्षा एवं संचार अभियान चलाया जाएगा। इस अवधि में गुमला जिले के समस्त प्रखंडों में लाभ संतृप्ति शिविरों का आयोजन कर पात्र परिवारों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुँचाया जाएगा।

अभियान के अंतर्गत आदिवासी समुदायों के बीच सरकारी योजनाओं एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ गांव स्तर पर पात्र परिवारों को आधार कार्ड, बैंक खाता, स्वास्थ्य कार्ड, गैस कनेक्शन आदि जैसी बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। इसके अतिरिक्त ग्राम सभाओं, नुक्कड़ नाटकों, स्थानीय प्रदर्शनियों आदि के माध्यम से सहभागी लोकतंत्र को भी प्रोत्साहित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत आदिवासी युवाओं को नेतृत्व विकास के लिए ह्यपरिवर्तन नेता के रूप में प्रशिक्षित करने की भी योजना है। इस प्रयास का उद्देश्य केवल जागरूकता तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह व्यक्तिगत अधिकारों के वास्तविक लाभ को सुनिश्चित करने की दिशा में सक्रिय पहल करेगा। अभियान के तहत जनधन योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, वनाधिकार अधिनियम के तहत अधिकारों का क्रियान्वयन, छात्रवृत्ति योजना, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की स्थापना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, जल जीवन मिशन, सिकल सेल एनीमिया मिशन, पोषण अभियान सहित कुल 40 से अधिक कल्याणकारी योजनाओं को जनजातीय समुदाय के लाभार्थियों तक पहुंचाया जाएगा।

## जिले के खेल प्रशिक्षकों का वार्षिक फिटनेस असेसमेंट टेस्ट संपन्न

**गुमला :** गुमला जिले में संचालित आवासीय प्रशिक्षण केंद्र, डे बोर्डिंग, क्रीड़ा किसलय एवं खेलो इंडिया सेंटर के प्रशिक्षकों का वार्षिक फिटनेस असेसमेंट टेस्ट मंगलवार को स्थानीय अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में आयोजित किया गया। इस दौरान संविदा पर बहाल चार प्रशिक्षकों एवं मानदेय पर कार्यरत नौ प्रशिक्षकों की शारीरिक दक्षता एवं फिटनेस का परीक्षण किया गया। फिटनेस असेसमेंट टेस्ट का उद्देश्य प्रशिक्षकों की शारीरिक फिटनेस के मानकों का आकलन कर उन्हें बेहतर शारीरिक स्वास्थ्य एवं खेल प्रशिक्षण के लिए प्रेरित करना रहा। इस प्रक्रिया में प्रशिक्षकों की सहनशक्ति, गति, लचीलापन एवं अन्य आवश्यक फिटनेस मापदंडों की जांच की गई। इस टेस्ट में आवासीय प्रशिक्षण केंद्र के फुटबॉल प्रशिक्षक बीना केरकेट्टा, हॉकी प्रशिक्षक शम्भु कुमार, डे बोर्डिंग फुटबॉल प्रशिक्षक सुबीर, रायमुनी, अनीता बैक एवं रिजवान अली, वॉलीबॉल प्रशिक्षक रेशमा बानो, एथलेटिक्स प्रशिक्षक निर्मला कुमारी, संदीप उरांव एवं महावीर राम लोहारा तथा बैडमिंटन प्रशिक्षक प्रदीप कुमार शामिल हुए ।

### झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति की समीक्षा बैठक आयोजित

# राज्य सरकार के नियमों के पालन की स्थिति पर चर्चा

**गुमला :** गुमला जिला परिसदन सभागार में झारखंड विधानसभा की प्रत्यायुक्त विधान समिति द्वारा एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता सभापति सरयू राय ने की, जबकि बैठक में सदस्य देवेंद्र कुँवर भी उपस्थित रहे।

बैठक में जिले के विभिन्न विभागों के प्रमुख अधिकारी मौजूद थे, जिनमें उपायुक्त गुमला प्रेरणा दीक्षित, पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमान, उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो, अपर समाहर्ता गुमला, एसडीओ सदर, एसडीओ बसिया, एसडीओ चैनपुर सहित अन्य वरीय अधिकारी शामिल थे।



बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा निर्धारित विभिन्न योजनाओं और सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के प्रावधानों के क्रियान्वयन की स्थिति का मूल्यांकन करना था। सभापति सरयू राय ने कहा कि यह बैठक नागरिकों को शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए आयोजित की गई थी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी विभागों को अपनी सेवाओं की समयसीमा स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करनी चाहिए ताकि जनता को उनके काम के होने की निश्चित अवधि का पता चल सके। यदि सेवाएं निर्धारित समय में पूरी नहीं होती हैं, तो नागरिक उच्च अधिकारियों के पास अपील कर सकते हैं और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई भी की जा सकती है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्यालयों के बाहर सूचना पट लगाते हुए उसमें सेवा की गारंटी अधिनियम 2011 एवं इससे सम्बंधित नियमावली से संबंधित जानकारी लिखने की बात कही।

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता से दाखिल-खारिज से संबंधित लंबित मामलों की जानकारी ली गई और यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि सभी लंबित प्रकरण शीघ्र निपटाए जाएं। इसके अलावा, सरयू राय ने फ्रँ३ ३ङ्क एर्थ्ंि३ङ्कल्ल के तहत निजी विद्यालयों में आरक्षित सीटों के मामले की भी समीक्षा की और सुनिश्चित किया कि सभी विद्यालयों में सरकारी आदेश के अनुरूप सीटों का आवंटन हो।

नगर परिषद के तहत सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित कार्यों की भी समीक्षा की गई। सभापति ने निर्देश दिया कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण, कचरे का वर्गीकरण और निस्तारण की व्यवस्था को प्रभावी रूप से लागू किया जाए। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से न केवल पर्यावरणीय लाभ होगा बल्कि रोजगार के अवसर भी उत्पन्न होंगे।

इसके अतिरिक्त, जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल आपूर्ति की स्थिति पर चर्चा करते हुए उन्होंने जल कनेक्शन से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने अन्य विभागों अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिया।

बैठक के समापन पर सभापति सरयू राय ने कहा कि यह समीक्षा बैठक शासन और प्रशासन की पारदर्शिता और नागरिकों के अधिकारों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

### कैंप लगाकर रैयतों का मुआवजा दें : डीसी

**जमशेदपुर :** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में भू-अर्जन एवं पथ निर्माण से संबंधित विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में विशेष रूप से एनएचएआई की फोरलेन एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना (पारडीह काली मंदिर-डिमना चौक-बालिगुमा) को लेकर विद्युत तार, जलापूर्ति पाइपलाइन, गैस लाइन आदि यूटिलिटी शिफ्टिंग पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को एफआरए के तहत आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य को गति देने का निर्देश दिया। पथ निर्माण विभाग की 18 परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान बताया गया कि 10 परियोजनाओं में मुआवजा भुगतान प्रगति पर है, जबकि 8 परियोजनाओं में प्रक्रिया जारी है। उपायुक्त ने निर्देश दिया।

# कार्यो में समयबद्धता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित हो:उपायुक्त

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सिमडेगा :** उपायुक्त सिमडेगा कंचन सिंह की अध्यक्षता में समेकित जनजाति विकास अभिकरण (आईटीडीए) द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जनजातीय छात्रों, महिलाओं, बेरोजगार युवाओं एवं गरीब परिवारों के लिए सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा की गई। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को योजनाओं के सुचारु क्रियान्वयन हेतु समयबद्ध कार्रवाई करने एवं लाभुकों तक योजनाओं का त्वरित लाभ पहुँचाने के निर्देश दिए।

बैठक में प्री-मैट्रिक एवं पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा के दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए, श्रीमती सरोज तिर्की ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 74,544 छात्र-छात्राओं ने ई-कल्याण पोर्टल के माध्यम से आवेदन किया। इसमें से 74,019 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान कर शत-प्रतिशत भुगतान कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि सभी आवेदनों का आईएनओ, डीएनओ एवं डीडब्ल्यूओ स्तर पर भौतिक सत्यापन कर नियमानुसार प्रक्रिया पूरी की गई। पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति के तहत भी पात्र छात्रों को समय पर राशि का भुगतान किया गया है। उपायुक्त ने छात्रवृत्ति वितरण में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया।

साइकिल वितरण योजना की समीक्षा में उपायुक्त ने निर्देश दिया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में लंबित 172 साइकिलों का वितरण शीघ्र किया जाए। वर्ष 2024-25 में अब तक 3,907 छात्र-छात्राओं को साइकिल उपलब्ध कराई जा चुकी है। उपायुक्त ने कहा कि साइकिल वितरण योजना राज्य सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिससे स्कूल आने-जाने में विद्यार्थियों को बड़ी सुविधा मिलती है। उन्होंने लक्ष्य के अनुरूप शेष साइकिलों का भी समय पर वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि इस योजना का उद्देश्य जिले के आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को स्वास्थ्य सहायता प्रदान करना है। उन्होंने निर्देश दिया कि इस योजना का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए ताकि ज्यादा से ज्यादा जरूरतमंद लोग इसका लाभ ले सकें। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी को इसके प्रचार के लिए प्रभावी जनसंचार सामग्री तैयार करने का निर्देश दिया गया।

मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिले के बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने हेतु इस योजना का अधिकतम लाभ दिलाया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक बेरोजगार युवक-युवतियों को योजना से जोड़कर उन्हें रोजगार उपलब्ध कराएं।

वन अधिकार अधिनियम 2006 के अंतर्गत व्यक्तिगत एवं सामुदायिक वन पट्टा वितरण की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि पात्र लाभुकों को यथाशीघ्र वन पट्टे उपलब्ध कराए जाएं। इसके अतिरिक्त धुमकुड़िया भवन निर्माण, सरना स्थल घेराबंदी, मशना स्थल विकास, अल्पसंख्यक कब्रिस्तान घेराबंदी एवं छात्रावास की मरम्मत कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए गए।

मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की समीक्षा में उपायुक्त ने कहा कि इस योजना के माध्यम से पशुपालकों को प्रोत्साहित कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत करने का प्रयास हो। उन्होंने अधिक से अधिक लाभुकों को इस योजना में शामिल करने का निर्देश दिया।

बैठक के अंत में उपायुक्त श्रीमती कंचन सिंह ने सभी अधिकारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन में पूर्ण पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं समयबद्धता बरतने का सख्त निर्देश दिया ताकि जिले के अधिक से अधिक लोग इन जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित हो सकें।

मौके पर तकनीकी विभाग के कार्यपालक अभियंता, जेईई, सहित आईटीडीए विभाग के कर्मी गण उपस्थित थे।